

अब मुझे स्ट्रॉन्ग करेक्टर ऑफर हो रहे हैं 4


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 18.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 293 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## नए मुख्य चुनाव आयुक्त का ऐलान आज संभव

» पीएम की अध्यक्षता में शाह-राहुल गांधी की बैठक

जनमार्ग न्यूज


**नई दिल्ली।** देश को जल्द नए मुख्य चुनाव आयुक्त मिल सकते हैं। इसे लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नए सीईसी का चयन होगा। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है। वहीं, उम्मीद की जा रही है कि सीईसी राजीव कुमार के बाद सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जा सकता है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि फैसला सोच समझकर और निष्पक्ष लिया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक के बाद राहुल गांधी ने डिसेंट नोट जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है इसलिए यह बैठक नहीं होनी चाहिए थी। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि हम अहंकार में काम नहीं कर सकते। बैठक स्थगित करनी थी ताकि सुप्रीम कोर्ट जल्द फैसला कर सके। सिंघवी ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तक इंतजार करे कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि सीईसी चयन समिति सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। श्वष्टश्व के चयन के लिए गठित



समिति से सीईसी को हटाकर सरकार ने साफ कर दिया है कि वह चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं, बल्कि नियंत्रण चाहती है। सिंघवी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नए अधिनियम को चुनौती देने वाला मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में पेडिंग है। इस मामले में 19 फरवरी को सुनवाई है। यह सिर्फ 48 घंटे का मामला था। सरकार को याचिका की शीघ्र सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। ईसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई सुप्रीम कोर्ट सीईसी और ईसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई 12 फरवरी को होनी थी, लेकिन केस लिस्ट नहीं हुआ था। तब वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की बेंच के सामने मामला उठाया था।

## सैम पित्रोदा ने बढ़ाई कांग्रेस की मुश्किल

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और गांधी परिवार के करीबी सैम पित्रोदा ने अपने बयान से फिर पार्टी को मुश्किल में डाल दिया। सोमवार (17 फरवरी) को चीन पर विवादित बयान दिया है। कहा, चीन हमारा दुश्मन नहीं है। भारत को उसके प्रति नजरिया बदलना होगा। पित्रोदा के इस बयान की बीजेपी ने कड़ी अलोचना की है। सैम पित्रोदा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन हैं। सोमवार को उन्होंने न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दिया। इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, चीन को दुश्मन मानने की बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। हम सबको साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। चीन के प्रति भारत को अपने नजरिए में बदलाव लाना होगा। सैम पित्रोदा ने इंटरव्यू में कहा, भारत का रवैया पहले दिन से टकराव वाला है, जिससे दुश्मनी पैदा होती है। हमें इस पैटर्न को बदलना होगा। चीन को दुश्मन मानने की बजाय उसके साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। सिर्फ चीन ही नहीं बल्कि किसी भी देश के प्रति ऐसा रवैया ठीक नहीं है। सैम पित्रोदा ने कहा, भारत को कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। साथ ही यह भी समझाना और पहचानना होगा कि चीन चारों दिशा में बढ़ रहा है। उसके प्रति टकराव की भावना छोड़कर सीखने, संवाद और सहयोग की भावना से काम करना चाहिए।

## भारत आए कतर के अमीर शेख अल थानी

● पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर पहुंचकर की अगवानी

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचकर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की अगवानी की है। इस दौरान उन्होंने कतर के अमीर से गले लगकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समेत कई अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं। अपनी यात्रा के दौरान शेख तमीम बिन हमद अल थानी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। भारत और कतर के रिश्तों को बढ़ाने के मकसद से विदेश मंत्री एस. जयशंकर एक साल में चार बार कतर की यात्रा कर चुके हैं।

## भाजपा को एक साल में मिला 4340 .47 करोड़ चंदा



**नई दिल्ली (जनमार्ग न्यूज)।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे को लेकर सोमवार को रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को सबसे ज्यादा 4340.47 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस को 1225.12 करोड़ रुपए मिले। एडीआर ने रिपोर्ट में बताया कि पार्टियों को चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बॉन्ड से मिला है। भाजपा ने अपनी कमाई का कुल 50.96 प्रतिशत यानी 2211.69 करोड़ रुपए जबकि कांग्रेस ने अपनी इनकम का 83.69 प्रतिशत यानी 1025.25 करोड़ रुपए खर्च किया। आप को चंदे में 22.68 करोड़ रुपए मिले जबकि पार्टी ने उससे ज्यादा 34.09 करोड़ रुपए खर्च किए। सभी पार्टियों को मिले कुल चंदे का 74.57 प्रतिशत हिस्सा अकेली भाजपा को मिला है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होगी लाइव मॉनिटरिंग

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** हादसे के बाद रेल प्रशासन सतर्क हो गया है। रेलवे ने आने वाले वीकेंड के लिए तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन पर फिर ऐसा हादसा न हो। इसे देखते हुए भीड़ की लाइव मॉनिटरिंग करने का निर्णय लिया है। इसमें स्टेशन पर मौजूद स्टाफ और गेट पर मौजूद स्टाफ एक अनुमान के आधार पर यात्रियों की संख्या को नियंत्रित रखेंगे। यदि स्टेशन पर उक्त संख्या से ज्यादा भीड़ का अनुमान होता है तो गेट पर इंट्री रोकी जाएगी। रेलवे का जोर शुक्रवार की भीड़ संभालने पर है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि को महाकुंभ खत्म हो रहा है।

## बीजेपी के 10 जिलाध्यक्ष की घोषणा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** बीजेपी में जिलाध्यक्षों के चुनाव की डेडलाइन निकलने के बाद अब भी कुछ जिलों में निर्वाचन हो रहा है। सोमवार को भीलवाड़ा, जयपुर देहात उत्तर, करौली, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां और टोंक में जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। संगठनात्मक दृष्टि से बीजेपी के 44 जिलों में से अब तक 37 में चुनाव हो चुके हैं। भीलवाड़ा में मौजूदा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा को दोबारा मौका दिया है। मेवाड़ा के कार्यकाल में पार्टी ने 7 में से 6 विधानसभा सीट और लोकसभा चुनाव जीता था। चित्तौड़गढ़ में रतनलाल गाडरी को तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाया गया है। क्षेत्र के पांचों विधायकों की सहमति के बाद यह फैसला लिया गया। जयपुर देहात उत्तर से सुरेश सैनी को जिलाध्यक्ष बनाया है। सुरेश वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष थे।

## दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू



● नदी में गंदा पानी जाने से रोकने के लिए सख्त निर्देश

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की सफाई का काम सोमवार को शुरू हो गया। भाजपा ने हालिया चुनाव में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था नदी की सफाई के लिए तीन साल का समय तय किया गया है। एलजी वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव के साथ बैठक के बाद सफाई के निर्देश दिए थे। एलजी ऑफिस के मुताबिक यमुना की सफाई चार चरणों में होगी। पहले चरण में नदी से कचरा और गाद हटाई जाएगी। साथ ही नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य बड़े नालों की सफाई भी होगी। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपीएस) की निगरानी रखी जाएगी। 400 एमजीडी (मिलियन गैलन पर डे) सीवेज ट्रीटमेंट की कमी पूरी करने के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट्स बनाए जाएंगे। लक्ष्य पूरा करने के लिए जल बोर्ड, नगर निगम, पर्यावरण विभाग और दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) मिलकर काम करेंगे।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर आग लगी

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा कि लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद हमारी गाड़ियां यहां पहुंची और हमने आग पर काबू पा लिया है। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है। महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ है। शाम 4 बजे तक 1.08 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

## दो तहसीलदार 15 लाख की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

● जयपुर एसीबी की जैसलमेर में बड़ी कार्रवाई

● मांगी थी 60 लाख की रिश्वत

जनमार्ग न्यूज



**जैसलमेर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर टीम ने जैसलमेर में बड़ी सफलता हासिल की है। भणियाणा तहसीलदार सुमित्रा गोदारा और फतेहगढ़ तहसीलदार शिवप्रकाश को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इन तहसीलदारों ने रजिस्ट्री और नामांतरण खोलने की एवज में 60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने इस मामले में गहन जांच शुरू की और योजना बनाकर ट्रैप बिछाया। एसीबी एएसपी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने पूरी रणनीति के तहत जाल बिछाया। जैसे ही तहसीलदारों ने 15 लाख रुपए की रिश्वत ली, टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। इस पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग डीआईजी अनिल कयाल कर रहे थे, जबकि एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा और एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देश पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। एसीबी द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है। बताते चलें कि जैसमेर जैसे सूदूर जिले में इस तरह का केस भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों को उजागर करता है। फिलहाल, एसीबी द्वारा दोनों तहसीलदारों से पूछताछ जारी है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। जांच के आधार पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

## महाकुंभ जा रहे परिवार की कार को फॉर्च्यूनर ने उड़ाया, मामी-भांजे की मौत

जनमार्ग न्यूज



**टोडाभीम।** सड़क किनारे खड़ी किआ कार को तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में टोडाभीम (करौली) से महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे किआ कार सवार मामी-भांजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों कारों में सवार 9 लोग घायल हो गए। किआ कार 10 फीट दूर गड्ढे में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं फॉर्च्यूनर एक बिजली के पोल को तोड़ने के बाद रुक गई। हादसा उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में थरियांव क्षेत्र के बहलपुर मोड़ पर रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। सोमवार सुबह करीब 6 बजे दोनों के शव घर पहुंचे कोहराम मच गया। व्यापारियों ने शोक में बाजार बंद रखा। जानकारी के अनुसार किआ कार में टोडाभीम के रहने वाले कृष्णकांत सोनी (45), पत्नी सुमन (42), बेटा अन्ना सोनी (13), मामा गिरिराज प्रसाद सोनी (60), मामी राधा सोनी (58) और ड्राइवर हरि सिंह मीणा (48) मौजूद थे। घायल गिरिराज प्रसाद ने बताया कि शनिवार शाम को किआ कार से प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए निकले थे।

## रामदेवरा में फटी नहरी विभाग की पाइप लाइन

● मकान ढहने का खतरा बढ़ा, लोगों में आक्रोश, बाढ़ जैसे हालात ● 50 से ज्यादा घरों में भरा 5 फीट तक पानी

जनमार्ग न्यूज

**रामदेवरा।** जैसलमेर के रामदेवरा में पोकरण-फलसुंड-सिवाना पेयजल योजना की नहरी विभाग की पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन फटने से 50 से ज्यादा घरों में 5 फीट तक पानी भर गया। करीब 2 घंटे का समय हो गया और पानी अभी भी बह रहा है। रामदेवरा के नाचना चौराहे के पास नेशनल हाईवे-11 (बीकानेर-बाड़मेर हाईवे) की पुलिया की सर्विस रोड पर यह पाइपलाइन दोपहर करीब 12 बजे फटी। रामदेवरा सरपंच समंदर सिंह ने बताया कि पाइपलाइन में करीब 2 महीने से लीकेज था। इसके बारे में हमने पोकरण एसडीएम के साथ अन्य अधिकारियों को जानकारी दी थी। आज दोपहर बाद अचानक मुख्य पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन



फटते ही तेजी से पानी निकलने लगा। जिसके बाद पानी निचले इलाके में स्थित नई बस्ती में चला गया। पानी के कटाव से एक बिजली का पोल तिरछा हो गया। जिसके बाद बिजली विभाग में फोन कर सप्लाई बंद करवाई गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कहा कि पेयजल विभाग की लापरवाही से हमारे घरों के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। करीब 2 घंटे बाद भी पानी रुका नहीं है। ग्रामीण मूलाराम कुमावत ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज की शिकायत कई बार विभाग को की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज पाइपलाइन फटने से पूरी बस्ती डूब गई। लोगों को बहुत नुकसान हुआ है। प्रशासन भी लोगों के नुकसान को देखकर गया है। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा बस्ती के लोग भुगत रहे है। कई घरों में 4-5 फीट पानी भर गया है। बस्ती निवासी कीलाराम के घर में 50 क्विंटल गंवार रखी थी, वो भी पानी में डूब गई। जानवरों के लिए रखा चारा भी पानी में डूब गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से इस स्थान पर पाइपलाइन में लीकेज की समस्या थी, लेकिन नहरी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। अब कई घरों के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने मौके पर पहुंचे नहरी विभाग के अधिकारियों को घेर लिया।

## ट्रक में पचास लाख की अवैध शराब बरामद

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सदर थाना पुलिस ने आज देरे शाम रीको उद्योग विहार एरिया में पंजाब से आए एक ट्रक में लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद की। थाना प्रभारी सुभाष बिश्नोई ने बताया कि यह शराब ट्रक में पशुओं के चारे में छुपा कर पंजाब से अवैध रूप से गुजरात ले जाई जा रही थी ।एक सूचना के आधार पर ट्रक को अबोहर-हनुमागढ बाइपास पर रोक कर चेक किया गया ।उसमें शराब के कार्टून दिखाई दिए तो ट्रक को रीको पुलिस चौकी में लाया गया। उन्होंने बताया कि ट्रक में लगभग 50 लाख अवैध शराब होने का अनुमान है। ट्रक के चालक और परिचालक ने शराब पंजाब से लेकर गुजरात के लिए रवाना होना बताया है। चालक और परिचालक पंजाब के निवासी हैं। दोनों से पूछताछ जारी है। समाचार लिखे जाने तक ट्रक से अवैध शराब के कार्टून उतारे जा रहे थे।


अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

सम्पादकीय

## करोड़ों का गबन

मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। सहकारी बैंकों में अपनी गाढ़ी कमाई जमा करना अब लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोग अपनी जरूरतों में कटौती कर बेटी की शादी या बच्चों की शिक्षा के लिए इस भरोसे से अपनी छोटी पूंजी जमा करते हैं ताकि समय आने पर उसका सदुपयोग करेंगे। मगर सहकारी बैंकों में जिस तरह आए दिन गबन और घोटाले सामने आ रहे हैं, उससे उनका विश्वास डगमगा गया है। यह सच्चाई है कि इन बैंकों से कर्ज लेकर कुछ शातिर गायब हो जाते हैं और कभी-कभी तो प्रबंधक ही धांधली कर गरीबों की जमाराशि डकार जाते हैं। रिजर्व बैंक की सख्ती के बावजूद सहकारी बैंक अपने आय-व्यय ब्योरे में गड़बड़ियां करते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। हालांकि रिजर्व बैंक ने कड़े कदम उठा कर और कई पाबंदियां लगा कर संकेत दिया है कि वह ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसे बैंक ग्राहकों की चिंता है। कोई दो मत नहीं कि अब इन बैंकों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता कायम करना आवश्यक है। चिंता की बात है कि सहकारी बैंकों में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। ये बैंक अपने बड़े कारोबार दर्शा कर आम नागरिकों को पैसे जमा करने और अधिक ब्याज का प्रलोभन देते हैं। हालांकि इन बैंकों के नियमन और निगरानी की व्यवस्था है, फिर भी इनके संचालन से जुड़े कर्मचारी और प्रबंधक अनियमितताएं तथा गबन कर सहकारी भावना को ठेस पहुंचाते हैं। यह पहली बार नहीं, जब रिजर्व बैंक ने इतनी बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक में घोटाले सामने आने पर केंद्रीय बैंक ने कई पाबंदियां लगाई थीं। बाद में उस बैंक का अधिग्रहण कर लिया गया था। मगर सवाल यह है कि तमाम सख्तियों के बावजूद सहकारी बैंकों में

# 'फ्रीबिज' पर सुप्रीम चिंता जायज

देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं नि:शुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है, क्योंकि इससे ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपये तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रही हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम भूमिका रही है।

भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार



मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोषणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरूर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाए तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं। इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है।प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है।

जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है! 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

## 'न्यू नॉर्मल' के नाम पर सहज होना चिंता का सबब

मशहूर यूट्यूबर और पॉडकास्टर, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया को अपने विवादित टिप्पणी के लिए लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उनका समय रैना के शो में कहा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में प्रतिभागियों से उपस्थित जज सवाल-जवाब करते हैं जो कॉमेडी पर बेस्ड होता है। इस शो में रणवीर ने पेरेंट्स रिलेशन पर विवादित सवाल पूछा था। इस प्रश्न के बाद लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। निलेश मिश्रा गीतकार ने कहा कि इन लोगों में जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस विवाद के बाद से रणवीर गायब हो गए। पर कल उन्होंने एक पोस्ट द्वारा इस प्रश्न के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अनादरपूर्ण थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर कुछ भी कह कर या माफी मांग कर बच निकलना वर्तमान में लोगों का प्रिय शगल हो गया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र के साइबर विभाग ने संज्ञान लेकर इंडिया गॉट लेटेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन जारी कर रणवीर और समय रैना को कोर्ट में पेश होने को कहा है। शिवसेना के सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी संसद की आईटी कमेटी से शिकायत कर इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। बता दें कि इस शो में ज्यादातर बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इसमें रणवीर ने पेरेंट्स के निजी अंतरंग संबंधों पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। इस पर विवाद शुरू हो गया और अनेक जगहों पर लोगों ने इस पर एफआईआर दर्ज कराई। रणवीर का यह विवादित एपिसोड बताता है कि वर्तमान में कॉमेडी के नाम पर जो पेश किया जा रहा है वह किसी भी तरह से हमारी संस्कृति और नैतिकता के अनुरूप नहीं है। माता-पिता के अंतरंग संबंधों के बारे में इस तरह के भद्दी टिप्पणी करना कॉमेडी नहीं है। डार्क ह्यूमर के नाम पर जो कुछ कहा जा रहा है वह कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति और युवा पीढ़ी को भ्रष्ट कर रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद हमारे समाज में जिस तरह से खुलापन आया है, वह चौंकाने वाला है। शो में भी बैठे युवा जज जिस तरह हंस रहे थे, वह बता रहा था कि इस पीढ़ी के लिए शालीनता, संस्कार के मायने कुछ नहीं बचे। मैंने कुछ युवाओं से बात की, उन्होंने इसे सामान्य कहा कि उस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा है। ये शो हम सभी का पसंदीदा है, हमें स्ट्रेस फ्री करता है। दो-चार ने ही स्वीकारा कि ये ज्यादा हो गया। तो देख लीजिए कि न्यू नॉर्मल के नाम पर युवा पीढ़ी किस प्रकार इन्हें सपोर्ट कर रही है। जो भी रील इन प्लेटफार्म पर डाली जाती है या जो वीडियो होते हैं उसमें ज्यादातर अश्लील सामग्री ही होती है। यह बनाने वाले की न कोई पहचान होती है न ही उनसे इस तरह की नैतिकता की बात की जाती है। क्योंकि रणवीर को पीएम मोदी ने 2024 में क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया था और वे इनफ्लुएंसर हैं तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना था। इनफ्लुएंसर का अर्थ होता है प्रेरणा देने वाला। अब आप ही देखें कि युवा पीढ़ी क्या और कैसे प्रेरित हो रही है। कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता, भद्दी गालियां और कूल दिखने का जो चलन चल रहा है, वह युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत घातक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, आपत्तिजनक सामग्री, नस्लवादी टिप्पणी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में विवाद से ही चीजें बिक रही हैं। सोशल मीडिया पर जब भी इस तरह का कोई वीडियो वायरल होता है उसको लाखों व्यूज मिलते हैं और इन व्यूज से इन यूट्यूबर्स को मुनाफा मिलता है। ऐसे में इस तरह की हल्की, अश्लील सामग्री या इस तरह के कंटेंट की भरमार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जिम्मेदारी भी बहुत आवश्यक है। अब लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की इस आजादी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर कुछ भी डाल रहे हैं। जब भी कुछ विवाद होता है तो यही कहा जाता है कि अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इस प्रकरण में इस बात को साबित कर दिया है कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ माफी देकर या एक बार गलती हो गई कह छोड़ देने से, या कॉमेडी के नाम पर कुछ भी अभद्र कह आप बच नहीं सकते। हमें सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को नियमों के दायरे में लेने के लिए बात करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की कॉमेडी के नाम पर अमर्यादित टिप्पणियां करने का लोग साहस न करें, जो देश की सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के अनुरूप न हो।

# निजी फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करे तो जानना जरूरी है कानूनी अधिकार

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक लड़की ने बॉयफ्रेंड की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले लड़की ने एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने बॉयफ्रेंड पर उसकी निजी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया। इसके बदले आरोपी ने उससे कई बार पैसे भी वसूले थे। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रही है। किसी की न्यूड फोटो या वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना गंभीर अपराध है। इसके खिलाफ भारतीय कानून में सख्त सजा का प्रावधान है, लेकिन अक्सर पीड़ित समाज की बदनामी और परिवार की इज्जत के डर से शिकायत दर्ज नहीं कराते हैं। लेकिन चुप्पी और आत्महत्या इस समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। इसलिए डरने के बजाय पीड़ित को कानूनी मदद लेनी चाहिए। एडवोकेट रूद्र विक्रम सिंह बताते हैं कि अगर कोई व्यक्ति निजी फोटो या वीडियो बनाकर आपको ब्लैकमेल कर रहा है तो घबराएं नहीं। ब्लैकमेलिंग करने वाले व्यक्ति के मैसेज, कॉल रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट संभालकर रखें। इससे आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने में आसानी होगी। साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्रा बताते हैं कि अगर कोई आपके निजी फोटो, वीडियो या चैट इंटरनेट पर अपलोड करता है तो सबसे पहले उसका स्क्रीनशॉट लें। इसके बाद सोशल मीडिया पर धमकी देने वालों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन शिकायत करें। इसके लिए रिपोर्ट वुमेन/चाइल्ड रिलेटेड क्राइम के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद सभी स्क्रीनशॉट सबूत के तौर पर अपलोड करें। इस बीच आपकी पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी। इसके अलावा पीड़ित नजदीकी साइबर पुलिस थाने में भी शिकायत कर सकता है। आज के डिजिटल युग में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है। ऐसे में कोई भी चोरी छुपे या बहला-फुसलाकर आपके निजी फोटो या वीडियो बनाकर इंटरनेट पर डाल सकता है। ऐसा करना गंभीर अपराध है। ऐसे ही अपराधों को रोकने और कार्रवाई करने के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 बनाई



गई है। अगर कोई अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है और पैसे की मांग कर रहा है तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (1) के अनुसार, जबरन वसूली (एक्सटोर्शन) का भी मुकदमा फाइल किया जा सकता है। साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्रा बताते हैं कि अगर आपका निजी फोटो-वीडियो सोशल मीडिया या गूगल पर अपलोड कर दिया गया है तो 'कंटेंट टेकडाउन' प्रोसेस के जरिए उसे हटवा सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और वॉट्सएप में कंटेंट रिपोर्ट करने का ऑप्शन होता है। इसके अलावा गूगल पर 'लीगल रिमूवल रिक्वेस्ट' सबमिट करके इसे हटवा सकते हैं। आईटी नियम, 2021 के मुताबिक, शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर सोशल मीडिया कंपनियों को उस कंटेंट को हटाना होता है। ध्यान रखें कि इस मामले में जितना जल्दी हो सके, कार्रवाई करें क्योंकि दिन बीतने के साथ आपकी निजी जानकारी वायरल हो सकती है। आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो या फोटो के कोने में दिए गए तीन डॉट्स पर क्लिक करें। इसके बाद 'रिपोर्ट' के ऑप्शन पर क्लिक करें। फिर 'न्यूडिटी' या 'हैरेसमेंट' का ऑप्शन चुनें। फेसबुक आपकी रिपोर्ट को रिव्यू करेगा और सही पाए जाने पर उसे तुरंत हटाएगा। पोस्ट, वीडियो या स्टोरी पर तीन डॉट्स पर क्लिक करें। इसके बाद 'रिपोर्ट' के ऑप्शन पर जाएं। कारण में 'सेक्सुअल

## ड्राइव करते हुए न लगाएं हेयर क्लचर

**महिलाएं** अपने बालों को बांधने के लिए क्लॉ क्लिप यानी क्लचर का इस्तेमाल करती हैं। ये हेयर एक्सेसरी न सिर्फ बालों को अच्छी तरह से संभालती है, बल्कि हेयरस्टाइल को भी सुंदर और आकर्षक बनाती है। हालांकि ड्राइविंग के समय बालों को बांधने वाला यह क्लचर किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। हाल ही में इंग्लैंड में एक महिला इसी तरह रोड एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गई थी। उसने बालों में क्लचर लगाया था, जो एक्सीडेंट के दौरान उसके सिर में चुभ गया था। महिला को सड़क दुर्घटना की वजह से इतनी चोट नहीं आई, जितनी बालों को बांधने वाले क्लचर से गंभीर चोट लगी। ड्राइविंग के समय बालों में क्लचर की जगह कौन सी हेयर एक्सेसरीज लगाना बेहतर है? बालों में लगाने वाला क्लचर प्लास्टिक और मेटल जैसी मजबूत चीजों से बना होता है। इसके अलावा कुछ लकड़ी और बांस के हैंडमेड डिजाइन के क्लचर भी आते हैं। यह सड़क दुर्घटना के समय सिर के साथ-साथ गर्दन में चुभ सकते हैं, जिससे गंभीर चोट लग सकती है। क्लचर बालों को बहुत कसकर जकड़ता है। कार दुर्घटना के दौरान अचानक झटका लग सकता है। ऐसे में कार की सीट, डैशबोर्ड या खिड़की से सिर टकरा सकता है, जिससे क्लचर सिर में धंस सकता है। इसके अलावा क्लचर प्लास्टिक या किसी अन्य धातु का बना है तो दुर्घटना के दौरान वह टूट सकता है। इससे उसके नुकीले टुकड़े सिर में गहरा घाव कर सकते हैं। एक्सीडेंट के समय सिर झटके से पीछे की ओर जाता है और सीट के हेडरेस्ट से टकराता है। ऐसे में बालों में क्लचर लगा होने से वह टूटकर गर्दन के बीच धंस सकता है। अगर क्लचर ठोस प्लास्टिक या मेटल का है तो यह जानलेवा भी हो सकता है। जनवरी 2023 में, इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी की छात्रा जीना पनेसर एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई थी, जिसमें उसके बालों का क्लचर गंभीर चोट का कारण बना। दरअसल दुर्घटना के दौरान उसकी कार एक पेड़ से टकराई, जिससे क्लचर उसके सिर में धंस गया। उसकी बाईं आईब्रो से लेकर सिर के पीछे तक गहरा घाव हो गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक संपन्न

## ● जिले में रिक्त सभी पद खोलने की मांग सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा

जनमार्ग न्यूज



**पदमपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की जिला व उपशाखा पदमपुर की संयुक्त बैठक शहीद कैप्टन नवपाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुर में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र खिलेरी अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश सेवानिवृत शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य व संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार शर्मा और जिला संगठन मंत्री हनुमान जालप का सानिध्य रहा। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य नीलम त्रिपाठी थे। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। जिला मंत्री इंद्राज गोदारा ने बताया कि बैठक में गत माह की बैठक के बिंदुओं की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पूर्णकालिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन के विस्तार के लिए संगठन द्वारा निर्धारित विभिन्न गतिविधियों को संपन्न करवाने में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने कार्यस्थल पर संगठन की कार्य पद्धति व रीति नीति के अनुसार राष्ट हित, शिक्षा हित और समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र खिलेरी ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला में भारतीय नवसंवत्सर और डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाने की कार्ययोजना तैयार करते हुए प्रत्येक उपशाखा पर इनके भव्य आयोजन करने हेतु विचार रखे। उन्होंने भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता तथा भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व विषय पर पत्रक तैयार करवाने का प्रस्ताव रखा ताकि समाज और विद्यार्थियों तक हिंदू नववर्ष के बारे में जानकारी पहुंच सके। बैठक में संगठन के कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति और कार्यपद्धति से अवगत करवाने तथा उनमें वैचारिक प्रतिबद्धता और दायित्व जागरण के उद्देश्य से जिला स्तर पर कार्यकर्ता विकास वर्ग आयोजित करने की योजना बनी। जिला संगठन मंत्री हनुमान जालप ने संगठन कि प्रत्येक उपशाखा द्वारा संकुल रचना अतिशीघ्र पूर्ण करने का आह्वान किया। जिला संयुक्त मंत्री इन्द्रसेन लिम्बा ने कहा कि संगठन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को अपने-अपने पदस्थापन परिक्षेत्र में नवपदस्थापित शिक्षकों से संवाद स्थापित कर संगठन के जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उपसभाध्यक्ष महेन्द्र कुमार भाटी ने पदौन्नति उपरान्त काउंसलिंग में जिले में व्याख्याताओं व प्रधानाचार्य के समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित जाने की बात बैठक मे रखी। जिला मंत्री इंद्राज गोदारा ने जिले के विभिन्न उपशाखाओं से आए हुए कार्यकर्ताओं से शिक्षकों से संबंधित समस्याएं संकलित की। जिलाध्यक्ष और जिलामंत्री ने उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया कि काउंसलिंग में जिले में समस्त रिक्त पदों को खोलने व आज संकलित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को सक्षम स्तर पर हल करवाने का संगठन की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में जिला महिला मंत्री श्रीमती निर्मला गुम्बर, जिला उपाध्यक्ष पुरुष परमवीर सिंह बराड़,जिला महिला सचिव चित्रा बिश्नोई, जिला कोषाध्यक्ष पवन जारीवाल, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि यशपाल सिडाना, प्राध्यापक सदस्य दीपक गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी मोहनलाल, उपशाखा पदमपुर अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, मंत्री भूपेन्द्र चुघ , उपाध्यक्ष महिला बेपरवाह, रामेश्वर सहारण, दौलतराम सुथार, योगेंद्र सोमानी, उपशाखा सभाध्यक्ष भगवानदास स्वामी, अमर सिंह मण्डीवाल, संजीव सहारण सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुत्तों से बचा तो कुएं में गिरा युवक

**जयपुर।** जयपुर में कुत्तों के झुंड से बचने के चक्कर में युवक 50 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। चोट लगने से बेहोश हो गया। करीब 12 घंटे बाद होश आने पर उसने परिवार से मोबाइल मदद मांगी। हैलो... मैं कुएं से बोल रहा हूं, मुझे बचा लो। वहीं रात 9 बजे से जब युवक घर नहीं पहुंचा तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। 150 से ज्यादा लोग पूरी रात टॉर्च लेकर गांव और आसपास का इलाका छानते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फोन कॉल के बाद युवक को रेस्क्यू कर निकाला गया। घायल अवस्था में उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शनिवार शाम को भजपुरा गांव में घटी। पुलिस ने बताया कि कुएं में गिरने से जमवारामगढ़ तहसील के भाजपुरा गांव निवासी सुरज्ञान गुर्जर (25) घायल हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक, शनिवार शाम वह घर से शौच जाने के लिए निकला था। इस दौरान कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों से बचने के लिए वह दौड़ते हुए घर से 300 मीटर दूर बने बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरा।

# यूडी टैक्स को तर्कसंगत बनाने तथा बकाया टैक्स में छूट प्रदान करने की मांग

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** संयुक्त व्यापार मण्डल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से यूडी टैक्स को तर्कसंगत बनाने तथा पुराने बकाया यूडी टैक्स में पूर्ण छूट प्रदान करने की मांग की है। संयुक्त व्यापार मण्डल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को ईमेल से भेजे ज्ञापन में अवगत करवाया है कि नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा करीब 18 साल बाद श्रीगंगानगर में दुकान व मकान मालिकों को बकाया यू.डी. टैक्स जमा कराने के नोटिस दिए जा रहे हैं। तुरन्त जमा न करवाने पर डराने व दहशत फैलाने के लिए दुकान/भवन को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है, जो अत्यंत निंदनीय है। भवन मालिकों पर आर्थिक बोझ डालते हुए बढ़ी हुई डीएलसी रेट से यू.डी. टैक्स के साथ-साथ भारी-भरकम ब्याज व पेनल्टी भी जोड़ दी गई है। जबकि यह गंभीर सोचनीय विषय है कि क्या 18 साल तक नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं थी? अनेक भवन मालिकों को 18 साल में यू.डी. टैक्स भरने के लिए कोई नोटिस नहीं दिया गया। कई भवन ऐसे हैं, जिनकी अलग-अलग हिस्से की अलग-अलग रजिस्ट्री है, उसे भी एक ही मान लिया गया है। यू.डी. टैक्स का 18 साल पहले सर्वे हुआ था, जिसमें अनेकों खामियां हैं, जिसे दूर नहीं किया गया है।

महासचिव अमित चुघ 'रोमी' ने यूडी टैक्स को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि बाजार में भारी आर्थिक मंदी है। आमजन महंगाई से परेशान है तथा जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा अनेकों टीमें बनाकर भवन मालिकों को डरा-धमकाकर तुरन्त प्रभाव से बकाया यू.डी. टैक्स भरवाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो कतई उचित नहीं है। यू.डी. टैक्स को लेकर आमजन में राज्य सरकार व नगर परिषद, श्रीगंगानगर के प्रति भारी रोष व्याप्त है। यहां यह भी विचारणीय है कि नगर परिषद द्वारा एकमुश्त 18 साल का यू.डी. टैक्स मांगना क्या उचित है? जबकि पूरे देश में एक कर प्रणाली जीएसटी लागू हो गई है, ऐसे में जनता पर अन्यायपूर्वक अनावश्यक कर थोपना उचित नहीं है।

संयुक्त व्यापार मण्डल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि विकट आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए 19 फरवरी, 2025 को पेश होने वाले राज्य के बजट में बकाया यू.डी. टैक्स में पूर्ण छूट प्रदान कर आमजन व व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान की जाए। संयुक्त व्यापार मण्डल द्वारा विधायक जयदीप बिहाणी से भी इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## अवैध कोयला खदान धंसी, दंपती की दबकर मौत

**शहडोल (जनमार्ग न्यूज)।** शहडोल के बुढ़ार थाना इलाके में अवैध कोयला खदान धंस गई। इसमें दबकर दंपती की मौत हो गई। उनकी पहचान ओमकार यादव उर्फ भौतु (40) और उनकी पत्नी पार्वती यादव (36) के रूप में हुई है। हादसा रविवार शाम करीब 7 बजे धनगवां गांव में हुआ। खनन माफिया ने इसे छिपाने का प्रयास किया। जब ग्रामीणों ने हंगामा किया, तब मामला सामने आया। जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। देर रात जेसीबी की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका। दंपति धनगवां के अहिरान मोहल्ला के रहने वाले थे। उनकी पांच बेटियां- ममता यादव (18), रजनी यादव (15), शशि यादव (11), उर्मिला यादव (9) और शिवानी यादव (2) हैं। करीब 6 महीने पहले बेटे रवींद्र यादव की सात साल की उम्र में सांप के काटने से मौत हो गई थी।

# होटल व श्री ओम बन्ना मंदिर में बीती रात हुई चोरी

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ़।** स्थानीय बस स्टैंड पर बीती रात बजाज होटल वह श्री ओम बन्ना महाराज के मंदिर में अज्ञात चोरों ने साले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है हर रोज की तरह दुकानदार विक्की बजाज ने दुकान खोलने आया तो क्षेत्र के तले टूटे पड़े थे जिसकी सूचना पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने आकर मौका महीना किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खगाला गया होटल से सिगरेट,बिडी का कार्टून, बर्फी सहित चार-पांच हजार रुपए गले से रुपए चुरा कर अज्ञात चोर ले गए यानी दस पंद्रह हजार के लगभग नुकसान हो गया है इसी रात जीजी नहर पर सिथत श्री ओम बन्ना के मंदिर से दान पत्र के ताला तोड़कर सौ डेढ़ सौ रुपए के करीब चोरी करके ले गए पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है दुकानदार विक्की बजाज ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने का परिवाद दिया है क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## दुर्ग में धर्मांतरण पर बवाल... 3 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (जनमार्ग न्यूज)।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में धर्मांतरण के मुद्दे पर हिंदू संगठनों ने जमकर बवाल किया। उन्होंने एक विशेष समुदाय के लोगों पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए उनके घर को घेर लिया। हिंदू संगठनों के हंगामे के बाद अमलेश्वर पुलिस ने घर से 97 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद धर्मांतरण कराने वाले 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है।

अमलेश्वर पुलिस के मुताबिक मीनाक्षी शर्मा (46 साल) निवासी अयोध्या नगर अमलेश्वर ने धर्मांतरण कराने को लेकर अमलेश्वर निवासी डॉ. विनय साहू, कृष्णकांत कुर्रे और ढाल सिंह साहू पर आरोप लगाया है।

# सर्वसमाज की रक्षा करती है सिखी सिद्धांतों की लहर : लखियां

## ❑ सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन राजस्थान द्वारा ढ़ोलनगर गांव में हुआ महान गुरमत समागम



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन राजस्थान तरफ से जन जन को सिखी सिद्धांतों से जोड़ने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत गांव ढ़ोलनगर में स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी में सातवें गुरू श्री गुरूहरराहिब साहिब जी के प्रकाष पर्व को समर्पित अयोजित महान गुरमत समागम में संगत और सेवादारों का उत्साह यादगार बन गया। समागम शाम छह बजे शुरू हुआ, जो रात नौ बजे तक चला। इस अवसर पर भाई उपकार सिंह 6 जी श्रीगंगानगर ने कथा कीर्तन के दौरान महान गुरुओं के इतिहास के बारे में बताया, जिसको सुनकर संगत भाव विभोर हो गई और समागम स्थल बोले सोनिहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर 90 के दषक से फैडरेषन में अहम भूमिका निभा रहे भाई अजीत सिंह लखियां ने कहा कि सिखी सिद्धांतों की लहर हमेशा सर्वसमाज के हितों की रक्षा करने के लिए आगे रही और भविष्य में भी आगे ही रहेगी। उन्होंने संगत से भी अपील की कि आज के वक्त में हर बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन राजस्थान द्वारा चलाई जा रही मुहिम से खुद भी जुड़ें और दूसरों को भी जोड़ें। फैडरेशन के अध्यक्ष लवप्रीत सिंह बराड़ ने बताया कि इस अवसर पर शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सिख इतिहास से संबंधित लिट्रेचर का वितरण किया गया। श्री बराड़ ने बताया कि समागम के दौरान गुरू का अटूट लंगर चलता रहा। समागम के अंत में फैडरेशन की ओर से भाई उपकार सिंह, अजीत सिंह लखियां, कौर सिंह भाखरांवाली, सहित गुरूद्वारा साहिब मैनेजमेंट कमेटी को सिरोपाव व सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया। समागम के सफल आयोजन में रम्मी बराड़, गुरलाल सिंह, जषनप्रीत सिंह, गुरविन्द्र सिंह, दिलप्रीत सिंह, जगविन्द्र सिंह, मधुर सिंह, संदीप सिंह सोना, गुरप्रीत मिर्जेवाला, अवजीत सिंह, मोहित खालसा, गगनदीप सिंह, गुरमीत सिंह, सहित अन्य सेवादारों का अहम योगदान रहा।



# भव्य कलश यात्रा निकाली

## श्रीमद् भागवत कथा का किया शुभारंभ

**चूनावढ़।** कस्बे में तकिया की मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक श्री मदभागवत कथा की उपलक्ष में रविवार को कथावाचक पंडित ताराचंद शास्त्री ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भव्य कलश यात्रा निकली गई यह कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से निकली गई जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया कथावाचक पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है हर रोज दोपहर 12 बजे कथा होगी व शाम 7:30 से 9 बजे तक नानी बाई का मायरा सुनाकर संगत को निहाल किया जाएगा आगामी रविवार को कथा का समापन किया जाएगा।

## बारात में 2 युवकों को चाकू से गोदा

**जांजगीर-चांपा (जनमार्ग न्यूज)।** जांजगीर-चांपा जिले के चांपा में बंधवा तालाब के पास बारात में डीजे पर नाच रहे दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। घटना में साहिल पटेल (25) और राम धान पटेल (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब ग्राम गोविंदा से आई बारात में डीजे पर डांस चल रहा था। इसी दौरान गोलू मांझी और श्रवण नाम के दो युवक वहां पहुंचे और एक बच्चे को साथ लेकर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि बारात में किसी ने बच्चे को मारा है। वे जबरन बच्चे से मारने वाले की पहचान करवाने की कोशिश करने लगे।

# स्प्रिंग डेल्स के विद्यार्थियों ने किया शिवपुर हैड का शैक्षिक भ्रमण

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी एरिया में स्थित स्प्रिंग डेल्स को-एजुकेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शिवपुर हैड का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई की महाराजा गंगा सिंह द्वारा स्थापित शिवपुर हैड का क्या महत्व है। विद्यार्थियों ने जाना कि किस तरीके से गंग नहर से पानी का डायवर्सन करके श्रीगंगानगर की सिंचाई व्यवस्था को कंट्रोल किया जाता है विद्यार्थियों ने गंग नहर का साक्षात अवलोकन किया उस मनोरम दृश्य को उन्होंने अपनी स्मृतियों में संजोया। सभी विद्यार्थियों ने वहां पर महाराजा गंगा सिंह की प्रतिमा का अवलोकन किया वहीं पर स्थित महाराजा गंगा सिंह के म्यूजियम में उपस्थित सभी स्मृतियों का अवलोकन किया और महाराजा गंगा सिंह से संबंधित सभी जानकारी को साझा किया। विद्यार्थियों ने वहां पर सभी खेल गतिविधियों में भाग लिया। मनोरंजन एवं खेलकूद से संबंधित सभी कार्यक्रमों से उन्होंने अपने दिन का महत्वपूर्ण समय व्यतीत किया। वहां उपस्थित सभी व्यवस्थापकों ने स्कूल के विद्यार्थियों का गरम-जोशी से स्वागत किया एवं इस महत्वपूर्ण समय को व्यतीत करने में अपना सहयोग दिया। बच्चों की खान-पान की पूरी व्यवस्था विद्यालय की तरफ से थी वहां उपस्थित सभी प्रकार के झूले मनमोहक बागबानी पौधे फुलवारी और कुदरत का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है। इस वक्त शिवपुर हैड पर सरकार की तरफ से पर्यटन की दृष्टि से काफी अच्छी व्यवस्था की गई है सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भरपूर आनंद लेते हुए वहां पर समय व्यतीत किया। विद्यालय सभी व्यवस्थापक-सज्जनों, शिक्षकों और सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करता है जिनका इस शैक्षिक भ्रमण में सक्रिय योगदान रहा। प्रधानाचार्य सतपाल सिंह के अनुसार के ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं तथा विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं समय-समय पर ऐसे आयोजन किये जाने चाहिए।



## कूडो वर्ल्ड कप में नकुल ग्रोवर ने अंडर-19 में चयनित

### अंडर-19 कूडो वर्ल्ड कप जुलाई में यूरोप के बुल्गारिया में होगा

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नकुल ग्रोवर ने अण्डर-19 कूडो वर्ल्ड कप में चयनित होकर गौरवान्वित किया है। इसी माह सूरत (गुजरात) में हुए ट्रायल में उसका चयन हुआ है। अण्डर-19 कूडो वर्ल्ड कप जुलाई, 2025 में यूरोप के बुल्गारिया में होगा, जिसमें श्रीगंगानगर के होनहार खिलाड़ी नकुल ग्रोवर द्वारा कड़ी मेहनत व बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाने से कूडो खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में भारी उत्साह का वातावरण है। उसके पिता मनोज ग्रोवर ने बताया कि नकुल ग्रोवर इससे पहले अनेक राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर श्रीगंगानगर का नाम रोशन कर चुका है तथा वर्तमान में ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है, जिसकी बचपन से ही खेलों में गहरी रूचि है।

# अरोडवंश ट्रस्ट सदस्यता डिजिटाइजेशन और अपग्रेडेशन अवधि 28 तक बढाई

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्री अरोडवंश सनातन धर्म मंदिर (ट्रस्ट) के सदस्यों के हित में सदस्यता सूची (सदस्यता रजिस्टर) का समय की मांग के अनुरूप डिजिटाइजेशन व अपडेशन की समय अवधि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकुर मगलानी ने बताया कि समाज के लोगों के आग्रह को देखते हुए समय अवधि बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि सदस्यता सूची का काफी विस्तार से विश्लेषण करने के उपरांत वर्तमान सदस्यता सूची में अनेक कमियां पाई गई थीं जिन्हें दूर किया जा रहा है। सदस्यता रिकॉर्ड के प्रभारी राजेश जग्गा के अनुसार सदस्यता सूची में काफी सदस्यों के पते अधूरे हैं। कुछ सदस्य ऐसे हैं जो वर्तमान में जीवित नहीं हैं। ऐसे भी अनेक सदस्य हैं,जिनके नाम एक से अधिक बार दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अनेक सदस्य ऐसे भी हैं जो पिछले कई वर्षों से श्रीगंगानगर में निवास नहीं कर रहे। ट्रस्ट का गठन 1962 में हुआ था। रिकॉर्ड अत्यधिक पुराना होने के कारण कुछ सदस्यों के फॉर्म पठनीय नहीं रहे। कुछ सदस्यता फॉर्म के साथ एड्रेस प्रूफ भी नहीं हैं।समय के साथ-साथ कुछ सदस्यों के पतों में बदलाव भी हुआ है।उन्होंने बताया कि अधिकांश सदस्यों के सदस्यता फार्म में दर्ज मोबाइल नंबर और ई-मेल का प्रचलन नहीं होने के कारण उनकी वर्तमान की सूचना उपलब्ध नहीं है जबकि यह सूचना अत्यधिक आवश्यक है। ट्रस्ट के सचिव नीरज चावला ने बताया कि डिजिटाइजेशन और अपग्रेडेशन के लिए ट्रस्ट के सदस्य सहयोग प्रदान करें। वे अपने कोई भी दो आईडी प्रूफ के साथ सदस्यता अपग्रेडेशन फार्म भरें। उन्होंने बताया कि यह कार्य आगामी 15 फरवरी तक किया जाएगा। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बीरबल चौक के समीप श्री रघुनाथ मंदिर में ट्रस्ट के कार्यालय में दो आईडी प्रूफ सहित अपग्रेडेशन फार्म दिए जा सकते हैं। आईडी प्रूफ के रूप में आधार कार्ड,चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर आई कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई भी दो प्रूफ दिए जा सकते हैं।

# महावीर इन्टरनेशनल का स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** महावीर इन्टरनेशनल, सूरतगढ़ केन्द्र के दो स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। ग्राम रामपुरा न्योला में स्व. श्रीमती नानू देवी धर्मपत्नी स्व. श्री जालू राम गोदारा की 12वीं पुण्य स्मृति में गोदारा परिवार के सहयोग से गोदारा निवास पर लगाए गए केन्द्र के 197वें स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में मैत्री ब्लड सेंटर सूरतगढ़ के निदेशक सुनील योगी के नेतृत्व में मोबाइल टीम के बृजेंद्र बिश्नोई ने 52 यूनिट रक्त संग्रह किया। परियोजना निदेशक वीर चन्द्रेश सेठिया के अनुसार शिविर का उद्घाटन पूर्व सरपंच नत्थूराम गोदारा व दलीप लिम्बा ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया। इन्द्राज गोदारा ने पत्नी विमला देवी, विवेक ने पत्नी कविता देवी, राकेश कुमार ने पत्नी प्रियंका देवी के साथ रक्तदान किया। संस्था के गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झंवर, वीर रामपाल रोकणा, वीर पूर्ण राम कारगवाल सहित कृष्ण कुमार गोदारा, काशीराम गोदारा, राम प्रताप गोदारा, रामेश्वर गोदारा आदि ने शिविर में सेवाएं दी। बिश्नोई मन्दिर परिसर, सूरतगढ़ में लगे केन्द्र के 198 वें रक्तदान शिविर में तपोवन ब्लड सेंटर, श्रीगंगानगर की मोबाइल टीम के सुनील कुमार, अनिल कुमार व कान्ता ने 67 यूनिट रक्त संग्रह किया। शिविर के परियोजना निदेशक सम्भागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा के अनुसार इस शिविर का उद्घाटन श्री बिश्नोई सभा समिति सूरतगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट भागीरथ कड़वासरा व वर्तमान अध्यक्ष रामनाथ कड़वासरा एवं संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद ने संयुक्त रूप से किया। राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने पुत्र यशवर्द्धन शर्मा एवं संजय बैद ने पत्नी नीतू, पुत्र अखिल तथा भाई अजय बैद के साथ रक्तदान किया। शिविर में सेवानिवृत्त इंजीनियर रमेश चंद्र माथुर, रणजीत,विवेक सैनी सहित संस्था संरक्षक नथूराम कलवासिया, उपाध्यक्ष बाबू खान, सचिव राजेश वर्मा, नीरज डांग, लालचंद घोड़ेला, अमन रांका,शीशपाल शर्मा, विनोद जाखड़, अश्वनी मनचंदा, सुरेश सिडाना, ओम प्रकाश कारगवाल आदि सदस्यों ने सहयोग किया। इस प्रकार दोनों शिविरों में कुल 119 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# रामेश्वरम सेवा समिति का वार्षिक धर्मोत्सव 1 व 2 मार्च को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रामेश्वरम सेवा समिति द्वारा संचालित शिव मंदिर के 24 वां वार्षिक उत्सव को मनाने के उपलक्ष में सत्य प्रकाश सिंगल की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई जिसमें मंदिर का 24 वां वार्षिक उत्सव 1 मार्च से 2 मार्च तक मनाने का निर्णेय किया गया । समिति अध्यक्ष उमाशंकर मित्तल ने बताया कि मीटिंग में यह निर्णय लिया गया है कि 1 मार्च वार शनिवार को रात्रि 7रू15 बजे से 501 यजमानों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का महापाठ किया जाएगा । यह महापाठ बीकानेर के दाधीच अलमस्त मंडल द्वारा किया जाएगा जो भागवताचार्य पंडित सत्यनारायण दाधीच के सानिध्य में संपन्न होगा । कार्यक्रम संयोजक सीएण् पवन मित्तल ने बताया कि 2 मार्च रविवार को प्रातः 9रू00 से श्री सालासर बालाजी भजनी संघ द्वारा 11 घंटे का अखंड रामनाम जाप किया जाएगा तथा इसी दिन दोपहर 12रू00 बजे से विशाल भंडारा लगाया जाएगा । कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंघल ने बताया कि पूरे कार्यक्रम में 31 सवामणी का भगवान को भोग लगाया जाएगा। बैठक में समिति अध्यक्ष उमाशंकर मित्तल ए कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंघलए कार्यक्रम संयोजक सीएण् पवन मित्तलए सुमित गर्गए राकेश कुमार बंसलए रमेश मित्तलए विनय गोयलए सुरेश कुमार जांगिड़ए रमेश धींगड़ाए श्याम सुंदर व्यासए संजय गोयलए सुरेंद्र गोयलए सुरेश स्वामीए परमपाल यादव इत्यादि काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



# नगर कीर्तन निकाला



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा 22 एम एल के तत्वावधान में रविवार को विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। यह 22 एममल गांव से शुरू होकर लद्वावाली, ढींगावाली, सुलेमानकी हैड, 24 एमएल, 23 एमएल व अन्य गांवों में होता हुआ गांव डूंगरसिंहपुरा गणेशगढ़ पहुंचा। इसी बीच 6 मासी पर विशाल लंगर लगाया गया। इसके अलावा इस नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। गणेशगढ़ के सभी गुरुद्वारों में इस नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# आयो फाल्गुन मेलो... बाबो म्हारा हेलो. खाटू धाम

## फाल्गुन मेला 6 मार्च से 11 मार्च तक फाल्गुन मेला शुरू

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आयो फाल्गुन मेलो.... बाबो म्हारा हेलो. खाटू धाम चालो भक्तां ने संग ले लो । सिद्ध धाम श्री शखाटू श्याम धाम मंदिर , सुदामानगर श्रीगंगानगर में फाल्गुन मेला 6 मार्च से 11 मार्च तक फाल्गुन मेला शुरू होने जा रहा है । जिसकी तैयारीयों के लिए आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक नवनिर्मित राधा की हवेली में रखी गई। विभिन्न संस्थाओं से आए पदाधिकारीयों ने अपनी स्वेच्छा से अलग-अलग ड्युटिया आपस में बांटी। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया मंदिर में साफ-सफाई रंग-रोगन का काम शुरू हो गया है। इसके पश्चात मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मंदिर मे आने वाले से भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो , इसके लिए श्याम प्रेमियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सेवादारों ने लंगर की व्यवस्था, ट्रैफिक, जूता-चप्पल, सूचना केंद्र, सफाई की व्यवस्था विभिन्न प्रकार के खाने पीने की निशुल्क स्टाइल भी लगाई जाएगी। इस बार लंगर की व्यवस्था नवनिर्मित राधा की हवेली में की जाएगी। मंदिर में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे तो लगे ही हुए हैं । इसके अलावा भी निगरानी के लिए अलग से कैमरा की व्यवस्था की गई है। मेले के लिए प्रशासन को भी लिखित में प्रार्थना पत्र दे दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। 6 दिन विभिन्न प्रकार की सवामणियों का भोग भी लगाया जायेगा।



# श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की एक बैठक आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़ ।** श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की एक बैठक नेशनल हाईवे नंबर 62 पर स्थित बाबा बर्फानी भवन में आयोजित की गई । श्री जगदीश चंद्र वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आने वाली महाशिवरात्रि पर समिति की ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में महाशिवरात्रि पर्व पर 108 कुंडिय महा रुद्राभिषेक करवाने का निर्णय लिया गया । आयोजन को धूमधाम से मनाने एवं रुद्राभिषेक के लिए समिति की ओर से एक अलग कमेटी का गठन कर उसे रुद्राभिषेक में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं से संपर्क करने का जिम्मा सोपा गया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष उदाराम बनिया, इंद्राज सुथार, राधेश्याम स्वामी, सुमित शेखावत, रामकुमार ओझाईया, प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय सिंधी, धनराज स्वामी, मोहन चौधरी,अश्वनी गैदर व सोनू बिश्नोई उपस्थित थे ।

# जहरीले टमाटर की चटनी खाने से महिला की मौत

## कोरबा में चूहे मारने के लिए जहर डालकर टमाटर नीचे रखा; पति ने टोकरी में डाला

**कोरबा ( जनमार्ग न्यूज )।** कोरबा जिले में चूहा मारने के लिए जहर डाले गए टमाटर की चटनी खाने से महिला की तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उस टमाटर को महिला के पति ने गलती से गिरा समझकर उपर टोकरी में रख दिया था। मामला कटघोरा थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, बिंजरा गांव में कार्तिक राम मजदूरी करता है। उसे फोन पर जानकारी मिली की उसकी पत्नी बसंती की हालत खराब है और उल्टी-दस्त कर रही है। जब मौके पर पहुंचा तो उसने बताया कि कुछ देर पहले ही बसंती टमाटर की चटनी खाई है। पत्नी बसंती को तुरंत जिला मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजुर ने बताया कि, परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए।

# बाऊ राधेश्याम की पुण्यतिथि पर अरोडवंश ट्रस्ट ने किया गौ सेवा एवं लंगर का आयोजन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान के पूर्व मंत्री बाऊ राधेश्याम की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री अरोडवंश सनातन धर्म मंदिर (ट्रस्ट) द्वारा आज पदमपुर रोड स्थित श्री कल्याण भूमि गौशाला में गौ सेवा तथा बीरबल चौक के समीप रघुनाथ मंदिर (अरोडवंश मंदिर)में लंगर का आयोजन किया गया। सुबह सबसे पहले ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकुर मगलानी सचिव नीरज चावला सीए, पूर्व अध्यक्ष जोगेंद्र बजाज और रमेश मक्कड़, संदीप अनेजा,शैंकी जसूजा, विजय महेंदीरत्ता, सोनू परनामी, भूपेंद्र मिड्ढा, मिल्खराज चुघ,अशोक खुराना, राजेश आहूजा, अमित फुटेला, मुकेश मिड्ढा आदि अरोड़ा समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने पदमपुर मार्ग स्थित कल्याण भूमि में बाऊ राधेश्याम के समाधि स्थल पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कल्याण भूमि गौशाला में गायों के लिए हरे चारे तथा गुड़ की सेवा की। तत्पश्चात 11ः15 श्री रघुनाथ मंदिर में भगवान श्रीराम को भोग लगाकर लंगर का शुभारंभ किया गया। अंकुर मगलानी, नीरज चावला, जोगेंद्र बजाज, अमित फुटेला, भूपेंद्र मिड्ढा, राजेश जग्गा, समीर भठेजा, रामप्रकाश मिड्ढा, भूपेंद्र बजाज, भूपेंद्र राजपाल, सुंदर श्याम रहेजा, केवल सचदेवा, निशू मक्कड़, नीरज ठकराल,पवन बत्रा, श्यामलाल कुक्कड़, श्याम पुन्यानी, एडवोकेट दीपक सेतिया, जगदीश सिडाना, वेद कालडा, सुरेश उतरेजा, कपिल कालडा, चंदन अनेजा और बंटी कटारिया आदि लंगर का वितरण किया। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि बाऊ राधेश्याम लंबे समय तक और अरोडवंश ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भी रहे थे।



# तपोवन नशा मुक्ति केंद्र में ज्ञान एवं राजयोग शिविर का समापन




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र के स्थानीय सेवा केंद्र के तत्वावधान में सूरतगढ़ मार्ग पर स्थित तपोवन नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में आयोजित सात दिवसीय ध्यान एवं राजयोग शिविर का आज विधिवत रूप से समापन हो गया। समापन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र की प्रभारी बीके मोहिनी ने केंद्र में नशा मुक्त हो रहे युवाओं को शीघ्र ही समाज की मुख्य धारा में लौट के लिए सद्भावना ही दीं। उनके शारीरिक और मानसिक रूप से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि उनसे उनका घर परिवार ही नहीं बल्कि समाज भी बहुत अपेक्षाएं रखता है।किसी कारणवश वे व्यसनों के जाल में फंस गए हैं तो अपनी दृढ़इच्छा शक्ति से वे वापस अपने मुकाम को हासिल कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रिद्धि सिद्धि कॉलोनी सेवा केंद्र की संचालिका बीके विजय बहन और सुशील बहन ने लगातार सात दिन चले इस शिविर में रोजाना सुबह 10 से 11ः30 बजे तक केंद्र में भर्ती युवाओं को ध्यान एवं राजयोग का अभ्यास करवाया। इससे उन्हें नशा मुक्त होने में बहुत लाभ होगा। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति बढ़ेगी। नशा मुक्त हो रहे युवाओं ने भी कहा कि उन्हें ध्यान एवं राजयोग के अभ्यास से बहुत ही मानसिक शांति प्राप्त हुई है। वे अब पहले से कहीं ज्यादा खुद को बेहतर महसूस करते हैं। समापन अवसर पर तपोवन प्रन्यास के अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल ने बीके मोहिनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी बीके बहनों का आभार व्यक्त किया।नशा मुक्ति केंद्र के सचिव संदीप कटारिया ने बीके विजय बहन,बीके सुशीला बहन और डॉ. हंसराज ज्याणी को भी



# राजस्थानी के बैनर, पोस्टरों से दिखा हनुमानगढ़ का मायड़ भाषा प्रेम: भाटी

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** हनुमानगढ़ पहुंचे शिव विधायक रविन्द्रसिंह भाटी का जगह जगह स्वागत किया गया। जंक्शन टाऊन रोड़ पर हीरो शौरूम के पास विधायक रविन्द्रसिंह भाटी का जोरदार स्वागत किया गया। डॉ पवन जैन, डॉ प्रतापसिंह शेखावत, डॉ रमाशंकर असोपा, डॉ नगेंद्रसिंह शेखावत, डॉ इच्छित जैन ने साफा पहनाकर विधायक भाटी का स्वागत किया। इसके बाद युवाओं द्वारा माल्कयार्पण कर स्वागत किया गया। राजस्थानी में मंच संचालन करते हुए हरीश हैरी ने अपने अनूठे अंदाज में कहा कि रविंद्रसिंह भाटी विधानसभा में राजस्थानी में जबरदस्ती शपथ लेकर मायड़ भाषा का मान सम्मान किया है। इस पर रविंद्रसिंह भाटी मुस्कराते उठे। रविंद्रसिंह भाटी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ की जनता ने मुझे जो आदर सत्कार दिया है उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। मंच के पीछे लगे राजस्थानी के बैनर पोस्टर देखकर रविंद्रसिंह भाटी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि हनुमानगढ़ की जनता ने राजस्थानी भाषा के लिए अच्छी मुहिम चला रखी है। श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ में फैल रहे नशे से युवाओं को दूर रहना होगा। हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे तो परिणाम अच्छे ही मिलेंगे। इसके बाद हनुमानगढ़ के सेंट्रल पार्क के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सीपी सर, सोनू सर, सुनील सिधू, आशु, हर्ष भिडासरा, पवन कूकणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'इनोवेटिव इंडिया' सफलतापूर्वक संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** खालसा नगर के पास स्थित टॉम एंड जेरी पाठशाला स्कूल में आयोजित इनोवेटिव इंडिया विज्ञान प्रदर्शनी पूर्ण रूप से सफल रही। यह प्रदर्शनी विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनू शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों के अथक परिश्रम, समर्पण और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे एडवोकेट सुमेश शर्मा, पार्षद श्रीमती व श्री सुशील चावला उपस्थित रहे। स्वागतकर्त्ता स्कूल निदेशक आलोक शर्मा, प्राचार्या अनू शर्मा उपस्थित रही।उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उनकी सृजनात्मकता एवं मेहनत की उत्कृष्ट प्रशंसा की। *अतिथियों ने कहा कि ऐसी शैक्षिक गतिविधियाँ बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं और उनकी शोधपरक दृष्टि को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उक्त कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं अन्य आमजन को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहा और विद्यालय द्वारा आयोजित इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम की प्रशंसा की।* अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों से बच्चों में नवाचार एवं तार्किक सोच को बढ़ावा मिलता है। प्रधानाध्यापिका अनू शर्मा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आगंतुकों को उनके समर्थन और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों के भीतर वैज्ञानिक सोच, तार्किक विश्लेषण और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल निदेशक आलोक शर्मा द्वारा विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# स्वयं को आध्यात्मिकता से जोड़कर जीवन को सरल बनाएं : सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज





**श्रीगंगानगर।** संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में उदयपुर में निरंकारी संत समागम का आयोजन हुआ, जिसमें राजस्थान और गुजरात से बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में यह दिव्य आयोजन आध्यात्मिकता, प्रेम और विश्वबंधुत्व का संदेश लेकर आया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों में संगत को आत्मबोध का मार्ग अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब जीवन में अहंकार और भेदभाव मिट जाते हैं और परमात्मा की रोशनी से अंतर्मन प्रकाशित हो जाता है, तब जीवन सहज और सरल हो जाता है। क्षमा, प्रेम और सेवा की भावना को अपनाकर ही हम सच्चे आनंद को प्राप्त कर सकते हैं।

राजपिता रमित जी ने अपने विचार रखते हुए सतगुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु प्रेम और समर्पण का पाठ पढ़ाते हैं और जब हम ईर्ष्या व द्वेष की दीवारों को गिराकर प्रेमभाव अपनाते हैं, तभी सच्ची आध्यात्मिकता को अनुभव कर सकते हैं। समागम में भजन और कविताओं की मधुर प्रस्तुतियों ने भक्तों को आध्यात्मिक रसधारा से सराबोर कर दिया। इस आयोजन की सफलता के लिए लंगर, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा। निरंकारी संत समागम के दौरान निरंकारी प्रदर्शनी भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दिव्य आयोजन से पूर्व तीन दिवसीय 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने की प्रेरणा दी गई। इस विशेष सत्र में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और छह तत्वों पर आधारित विचार-मंथन ने युवाओं को एक नई दिशा दी। समापन दिवस पर उदयपुर के महाराज कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह समागम न केवल एक आध्यात्मिक मिलन था, बल्कि सेवा, समर्पण और प्रेम की भावना से ओत-प्रोत एक दिव्य संगम था, जिसने हर हृदय को आनंद और आत्मिक शांति से भर दिया। भक्तों ने सतगुरु के आशीर्वाद से इस अनमोल अवसर का भरपूर लाभ उठाया और जीवन को सरल व सार्थक बनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

# गंगानगर कला मंच की मासिक काव्य गोष्ठी में बही काव्य रसधारा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गंगानगर कला मंच की मासिक गोष्ठी रविवार को अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय कुमार गोयल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार 'आशु' व बनवारी लाल वर्मा थे तथा अध्यक्षता मंच अध्यक्ष मनीराम सेतिया ने की। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत राजकुमार सिंगल के गीत 'छोड़ गये सब साथ मेरा...' गीत से हुई। ओमा राम ने माँ की महिमा पर आधारित राजस्थानी कविता सुनाई। प्रवीण मोहता ने कविता 'हरदम गमों को अपनाया न करो...', ललित चराया ने कविता 'आओ जरा बैठो पास...', रामचन्द्र गडई ने कविता 'माथे की लकीरें...', सुरजन सिंह रंगीला ने पंजाबी गीत 'चौरासी लखां जूना पीछों मनुष्य जीवन



पाया...', बनवारीलाल 'बन्नी' ने 'गुजिश्ता वक्त भुलायो तो कोई बात बने...' सुनाकर खूब तालियां बटोरी। वासुदेव गर्ग ने 'माँ की ममता सीखा रही है...', महासचिव ऋतु सिंह ने गजल 'रौनकें गायब हुई अब भरे बाजार से...', महेश गहलोत ने राजस्थानी कविता, सोना सरबटा ने पंजाबी गीत 'तेरा पक्का रंग मेरे मन नूं मोह गया...' सुनाकर सबको भाव-विभोर कर दिया। बीएस चौहान ने सफल मंच संचालन करते हुए कविता 'मेरे मन में उमड़ते गीत...' तथा डॉ. कृष्ण कुमार 'आशु' ने 'आज मुरझा गया तो क्या गम है...' सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। विजय गोयल ने समस्त साहित्यकारों की रचनाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। मनीराम सेतिया ने गीत 'विदेशों में हो रही है घुटन दोस्तों...' द्वारा वर्तमान हालातों का बखूबी चित्रण किया तथा सफल आयोजन के लिए साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गंगानगर कला मंच पदाधिकारी, सदस्य तथा साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

# विशाल ध्वजा यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची

- श्याम श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए
- मंदिर प्रांगण विशाल भजन संध्या आयोजित

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर , सुदामानगर में विशाल ध्वजा यात्राएं आनी प्रारंभ हो गई है। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि फाल्गुन के इस महीने में प्रतिदिन ध्वजा यात्राएं मंदिर प्रांगण में पहुंच रही है। बाबा श्याम के दीवाने रंग बिरंगी ध्वजाएं हाथों में लिए, रंग गुलाल उड़ाते हुए मंदिर प्रांगण पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद सेवादारों ने इनका भव्य स्वागत किया । मंदिर प्रांगण बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा । प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्याम श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में आकर शीश नवाते



हैं। मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल भजन संध्या में भजन प्रवाहको ने ऐसे भजनों की तान छेड़ी की , हर श्रद्धालु मदमस्त नृत्य करने लगा । फागण आयो रे... कीर्तन की है रात ...खाटू वाला श्याम हारे का सहारा है... वह अन्य भजन सुना कर बाबा श्याम को रिझाया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गए । मंदिर प्रांगण में 06 मार्च से 11 मार्च तक श्रीश्याम जी सतरंगी फाल्गुन मेला प्रारंभ होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से मंदिर प्रारंभ में चल रही है। श्याम श्रद्धालुओं में फाल्गुन मेंले को लेकर जोश परवान पर है।

## पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का उद्घाटन

**भोपाल।** भोपाल में 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 17 से 21 फरवरी तक मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में आयोजित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में बड़े तालाब के बोट क?लब पर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सीएम यादव ने इस मौके पर कहा कि,पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के कार्य के साथ-साथ खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। पुलिस बल के अनेक सदस्यों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है।

# इश्क किताबों संग भी जरूरी है...

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवा सहयोग सत्कार फाउंडेशन द्वारा बसंती चौक स्थित नवनिर्मित भवन यूनिटी टावर हॉल में किताबों के जीवन में महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार शाम को किया गया। ÷इश्क ! किताबों संग भी जरूरी है÷,शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती पुस्तक बैंक के अध्यक्ष शरद जसूजा ने शिरकत की। फाउंडेशन द्वारा सरस्वती पुस्तक बैंक को प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों का अनमोल उपहार भेंट किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट आशीष ने बताया कि एक समय था जब लोगों के जीवन में किताबों और अखबारों से दोस्ती हुआ करती थी,पर आज का युवा वर्ग इनसे विमुख हो रहा है। युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के पीछे लगकर अपनी संस्कृति भुलती जा रही है। शरद जसूजा ने फाउंडेशन द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और इसकी सराहना की।विशिष्ट अतिथि एमएम पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल ललित चराया नेबताया कि कैसे



किताबों ने उन्हें जीवन में सफलता हासिल करने में भूमिका निभाई।फाउंडेशन कोषाध्यक्ष डॉ राहुल अग्रवाल ने कहा कि जीवन में किताबों का महत्व अनमोल है। फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक छोटा सा प्रयास, जिसमें लगभग 10 हजार रुपए की किताबों को पुस्तक बैंक को देते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है।इससे न केवल विद्यार्थी बल्कि आमजन भी ज्ञान का अमृतपान कर सकेंगे। एडवोकेट नेहा स्वामी,एडवोकेट प्रह्लादसिंह , एडवोकेट भरत भांभू रोट्रेक्ट क्लब अध्यक्ष पंकज मंगल , मैप ऑफ हैप्पीनेस संस्था अध्यक्ष एडवोकेट अरमान सेतिया,फ्रेंड्स ऑफ नेचर कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, सेवा सहयोग सत्कार फाउंडेशन उपाध्यक्ष श्वेता क़ोछड , सचिव श्रीमती शिल्पी नीटू जिंदल, संदीप रस्तोगी,भारत स्काउट एवं गाइड से राज्य सरकार पुरस्कार से सम्मानित प्रवीण,रोट्रेक्ट क्लब के राम मित्तल,गौरव अरोड़ा,विनोद गुप्ता, शिवा फ्लेक्स संचालक नितिश गुप्ता,गौरेया एक चिड़िया का घर से दीवान चंद एवं सोना इत्यादि शामिल हुए।जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 6 एच डबवाली के नागरिक कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** चूनावढ के ग्राम पंचायत 13 की छोटी के चक 6एच (डबवाली) में रविवार को स्थानीय धर्मशाला में भाजपा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान चूनावढ मंडल अध्यक्ष सुमित सहू द्वारा दो दर्जन कांग्रेसियों को कांग्रेस छोड़ भाजपा का दुपट्टा पहन कर साहू द्वारा भाजपा पार्टी में शामिल किया गया है इस अवसर पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए करमजीत सिंह हैं किशन,सेवक सिंह, जगजीत, मक्खन सिंह ,राजविंदर ,बलविंदर सिंह , हंसा सिंह, संता सिंह, राजा ,गुरु साहिब सिंह, गगनदीप सिंह, अंग्रेज, सुखदीप, कुलदीप, तरसेम हरबंस, रेशम ,वकील, ओमप्रकाश, सुखदीप सिंह ,गुलशन आदि को सहू द्वारा भाजपा में शामिल किया गया है।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न, हिमानी गहलोत 'स्टूडेंट ऑफ इ ईयर' घोषित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ''प्रतिभा सभी में होती है जरूरत होती है उसे तलाशने और फिर तराशने की। अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज इस कार्य को भली भांति कर रहा है।'' उक्त उद्गार राजकीय सी.सै. स्कूल बनवाली की प्राचार्या श्रीमती नम्रता शर्मा के हैं जो कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को आशीर्वचन हेतु उपस्थित थीं। उन्होंने अपने कर कमलों द्वारा सत्र 2024-25 के अकादमिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये। उनका सहयोग चेयरमैन श्यामसुदंर गीदड़ा, निदेशक डॉ. ओ.पी. गुप्ता, प्राचार्य डॉ. अरूण वत्स, श्रीमती मोनिका जैन तथा सुरजाराम सिहाग ने किया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर सत्र 2024-25 का पुरस्कार बी.ए. फाईनल की छात्रा कु. हिमानी गहलोत को दिया गया जो न केवल शैक्षणिक बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सदैव बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती रही है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के बीच रविना व रमनदीप द्वारा कृष्ण



-राधा के नृत्य तथा कुसुम एण्ड ग्रुप के 'भूत डांस' के अन्तर्गत छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया व दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई जिसके अन्तर्गत दीपिका ने सरस्वती वंदना व रमनदीप ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुसुम ने कालबेलिया नृत्य तथा कंचन, दीपिका, माया और परी योगी ने शानदार राजस्थानी, हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रीतिका एवं कृति द्वारा प्रस्तुत पंजाबी नृत्य तथा प्रियंका एंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'लेजी फन्नी डांस' ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। अपूर्वा व गायत्री ग्रुप ने अंतिम सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत कर समस्त दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। प्राचार्य डॉ. अरूण वत्स ने कॉलेज का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया तो निदेशक डॉ. ओपी गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का उनके सहयोग के प्रति आभार जताया। सधा हुआ मंच संचालन डॉ. दीपमाला गर्ग व श्रीमती ज्योति कामरा ने किया। इस अवसर पर चैयरमैन श्यामसुंदर गीदड़ा, प्रबंध समिति सदस्य, संकाय सदस्य, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में पूर्व छात्राएं भी मौजूद थी।

# जमीनी विवाद, होटल संचालक की हत्या

## आरोपियों ने खेत में लाठी-डंडों से किया हमला

**सतना ( जनमार्ग न्यूज )।** सतना जिले के रामपुर बघेलान में जमीनी विवाद के चलते रविवार रात को शालीमार होटल संचालक की लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से आरोपी फरार हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ



संदेहियों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ की जा रही है। केमार गांव निवासी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम उसके वह और उसके चाचा प्रदीप पिता रामकृपाल सिंह (50) खेत में गए थे। इस दौरान गांव के ही जितेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी सहित उनके भाई और घर की महिलाओं ने उनपर लाठी, डंडे, हसिया और खुरपी से अचानक हमला कर दिया।

राघवेंद्र ने बताया कि, उसने अपने चाचा को बचाने के लिए गुहार लगाई, लेकिन आरोपी उसके ऊपर हमला करने दौड़े, इसके बाद वह वहां से जान बचाकर भागा और घटना की सूचना परिजनों को दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचते, तब तक आरोपी मौके से फरार गए। परिजन हमले में गंभीर रूप से घायल प्रदीप सिंह को उपचार के लिए तत्काल रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भतीजे राघवेंद्र ने बताया कि उसके और गांव के ही तिवारी परिवार का जमीनी विवाद लंबे समय से चल रहा था। इसे लेकर पहले भी कई बार विवाद की स्थिति बनी थी। जिसके बाद घात लगाकर आरोपियों ने चाचा प्रदीप सिंह पर हमला कर दिया।

# शारीरिक शिक्षक संघ ने विधायकों को 21 सूत्री मांगों का सौपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** प्रदेश के आह्वान पर जोधपुर शारीरिक शिक्षक संघ ने जोधपुर शहर के विधायकों को 21 सूत्री मांगों का सौपा ज्ञापन। प्रदेश संगठन के आह्वान पर जोधपुर शारीरिक शिक्षक संघ ने शारीरिक शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं की 21 सूत्री मांगों का जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली व सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी को ज्ञापन दिया व मांग की गई की विधानसभा सत्र में हमारी इन समस्याओं को उठाकर समस्या समाधान करवाए। 21 सूत्रीय मांगे इस प्रकार है- उपजिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद नाम अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा किया जाए। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के बाद दूसरा पद शारीरिक शिक्षक का स्वीकृत किया जाए छात्र संख्या की बाध्यता हटाई जाएं। प्रत्येक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खेल समन्वयक व्याख्याता शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत किया जाए। प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाए। दो या दो से अधिक फैकल्टी वाले विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाए साथ ही एक तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत किया जाए । विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए राइट टू प्ले कानून बनाया जाए। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक मॉडल स्पोर्ट्स स्कूल खोला जाए। जिला व राज्य स्तरीय



खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का खुराक भत्ता 250 किया जाए। कक्षा 6 से 10 तक की स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा की पाठ्यपुस्तकें निशुल्क उपलब्ध करवाई जाए। स्पोर्ट्स कोटे की भर्तियों में राष्ट्रीय स्तर पर खेले गए खिलाड़ियों को घटते क्रम में 2प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाए। स्थानांतरण नीति जारी कर सभी कैडर के स्थानांतरण किया जाए। उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए एन.आई.एस. डिप्लोमा की तर्ज पर पूर्ण वेतन के साथ एमपीएड कोर्स करने की अनुमति दी जाए। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए राशि 50000 से बढा कर 200000 किया जाए। डीपीएड व बीपीएड कोर्स के लिए खेल प्रमाण पत्र अनिवार्य किया जाए। कैडर के जिला शिक्षा अधिकारी व उपनिदेशक पदों को बहाल कर शारीरिक शिक्षा कैडर को दुरुस्त किया जाए। शारीरिक शिक्षा वर्ग के सभी पदों की रिव्यू डीपीसी उसी सत्र में की जाए।14 वर्षीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का खुराक भत्ता निदेशालय स्तर से स्वीकृत किया जाए। पिछले वर्षों में स्वीकृत हुए विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों के पद स्वीकृत किया जाए। पीएम श्री विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाए। संभाग मुख्यालय पर राष्ट्रीय खेल हॉकी के एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान बनवाए जाए। शारीरिक शिक्षा कैडर की नई भर्तियां की प्रक्रिया शुरू की जाए। ज्ञापन देने में प्रदेश अध्यक्ष हापुराम चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, लुम्बाराम वैष्णव, सलाहकार रज्जाक मोहम्मद व जिलामंत्री महेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भूकंप के झटके : गुरुग्राम-रोहतक समेत 5 जिलों में असर

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। 5 जिलों सोनीपत, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद और झज्जर के बहादुरगढ़ में इसका असर दिखा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था। इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई है। वहीं ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। यूपी के 16 जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों से कई इलाकों में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कहा ट्रेन जैसा वाइब्रेशन हुआ। हालांकि, अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की जाती है। इसके साथ ही संभावित झटकों के प्रति भी सतर्क रहने की जरूरत है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

**हर 2-3 साल में आते हैं छोटे झटके**

एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि इसका केंद्र धौलाकुंआ स्थित दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में हर दो से तीन साल में हल्के झटके महसूस किए जाते हैं। इससे पहले 2015 में यहां 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के साथ एक तेज आवाज भी सुनाई दी, जिससे कई लोग डर गए। दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि दिल्ली, हम उम्मीद करते हैं कि आप सभी सुरक्षित हैं। किसी भी आपात स्थिति में 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** फॉर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर एवं गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह शहीद बाबा मेहताब सिंह मैं रविवार को सिंह साहब जत्थेदार बाबा बलवीर सिंह जी मुखी बुड्ढा दल के पावन सानिध्य में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में फॉर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के प्रसिद्ध हृदय सर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हैड डॉ राकेश चित्तौड़ा हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में, साथ ही वरिष्ठ पेट, आंत एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज नगायच पेट एवं लीवर संबंधी बीमारियों एवं हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ अरुण परतानी की टीम से डॉ कपिल दायमा ने शिविर में अपनी निशुल्क परामर्श सेवाएं दी। सेवादार रमेश मुटनेजा ने बताया कि इस शिविर में 190 से अधिक रोगियों की हड्डियों की जांच बीएमडी, इसीजी, बीपी, शुगर की जांच निशुल्क की गई। शिविर राज पेथ लैब/मेडिकल पॉइंट द्वारा ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल, यूरिक एसिड, ब्लड शुगर की जॉच निःशुल्क की गई। फ्लोरेंस नाइटेंगल स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के स्टूडेंट का शिविर में विशेष सहयोग रहा।

# जैतसर में पकड़े गए युवकों से चुनावढ क्षेत्र में अनेक चोरियों का हुआ खुलासा

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** जैतसर थाना इलाका में चार-पांच रोज पूर्व संदिग्ध अवस्था में दो युवकों के पकड़े जाने पर चुनावढ थाना क्षेत्र में पिछले पाक्षिक दिनों के दौरान हुई लगभग आधा दर्जन चोरियों का खुलासा हुआ है चूनावढ थाना क्षेत्र में एक मंदिर व एक पीर की दरगाह और एक खेत व एक होटल सहित अनेक जगह पर चोरी की घटना हुई है जैतसर में पकड़े गए युवकों से इन चोरियों के बारे में पता चलने पर चूनावढ थाना में परसों बुधवार को अज्ञात जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया जैतसर में पकड़े गए युवकों को पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 170 में गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया वहां से जमानत होते ही पुलिस ने इन युवकों को अपनी हिरासत में लिया पुलिस के अनुसार चुनावढ कोठी के समीप एक पीर दरगाह के सेवादार जसविंदर सिंह मेहरा सिख उम्र 55 साल द्वारा दी गई रिपोर्ट पर बुधवार को अज्ञात जनों के खिलाफ दरगाह तथा दरगाह से कुछ ही दूरी पर पदमपुर राजमार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर व पास में एक किसान के खेत में चोरियां होने का मुकदमा दर्ज किया गया इस मामले की जांच कर रहे हवलदार उदय भान ने बताया कि जैतसर में पकड़े गए युवकों की जमानत होने पर उक्त चोरियां के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है पकड़े गए युवकों में पदमपुर के नजदीक चक 2 एन एन निवासी नरेंद्र पाल सिंह और बिट्टू सिंह हैं पुलिस ने बताया कि 28 जनवरी की रात को चूनावढ कोठी के समीप दरगाह में पीछे की दीवार की खिड़की को तोड़कर अंदर घुसे



चोर चढावा राशि चोरी कर ले गए थे दरगाह से कुछ ही दूरी पर पदमपुर रोड पर हनुमान मंदिर के ताले तोड़कर दान पात्र चोरी कर ले गए थे इसी मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक किसान के खेत मे ट्यूबेल पर लगी दो मोटरे चोरी हो गई थी इन सब घटनाओं का एक ही मुकदमा पीर की दरगाह के सेवादार जसविंदर सिंह की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर और दरगाह में पूर्व में भी कई बार चोरियां हो चुकी हैं वहां लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज में चोर दिखाई दिए हैं इस बार चोरों ने दरगाह में दान पात्र से राशि चुराते समय सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया था फिर भी उनकी हरकत एक दूसरे कमरे में कैद हो गई इसके अलावा भी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों में चोरी की हुई घटनाओं में इन लोगों का हाथ होने की आशंका है पुलिस इनके बारे में पूछताछ कर आरोपियों से मंदिर में चार पांच हजार की गई चोरी में अढ़ाई हजार रू बरामद हुए और पीर की दरगाह के 400 रूपये ही बरामद हुए बाकी इन नशेड़ियों ने पैसे खर्च कर लिए इन दोनों आरोयों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर न्यायाधीश के आदेश से इन्हे जेल भेजा गया।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल जयपुर द्वारा गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह शहीद बाबा मेहताब सिंह के सहयोग से 15 फरवरी शनिवार को जंक्शन स्थित नारंग होटल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फॉर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के राकेश चित्तोड़ा, डायरेक्टर, कार्डियक सर्जरी विभाग एवं डॉ. अरुण परतानी, एडिशनल डायरेक्टर ऑर्थोपेडिक एण्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग ने चर्चा की। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रमेश मुटनेजा ने बताया की मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईजी गिरीश चावला, कार्यक्रम अध्यक्ष खैराती लाल मदान, अध्यक्ष श्री अरोड़वंश सभा, विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र कुमार मुंजाल, अध्यक्ष श्री अरूट जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राजकीय अधिवक्ता प्रताप सिंह शेखावत सहित 150 से अधिक लोगो ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. राकेश चित्तोड़ा, डायरेक्टर कार्डियक सर्जरी विभाग, फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर ने बताया की युवाओ में भी अब हार्ट अटैक की समस्या बड़ रही है।

# दो पहिया वाहन चालको को निशुल्क वितरित किए हेलमेट



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** आमजन में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाने के लिए फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर, यातायात पुलिस व गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह शहीद बाबा महताब सिंह के सहयोग से वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किये गए। टाउन स्थित गुरुद्वारा बाबा सूखा सिंह महताब सिंह के बाहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली यातायात प्रभारी राजेंद्र कुमार, कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार मुटनेजा, डॉ राकेश चित्तोड़ा, डॉ. नीरज नगायच व डॉ. अरुण परतानी आदि ने दोपहिया वाहन चालकों को आईएसआई मार्का के 40 हेलमेटो का वितरण करते हुए वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट पहनने की अपील की। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन है इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट को आवश्यक रूप से पहनना चाहिए। उन्होंने वाहन चालको को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए चलाई जा रही फोर्टिस हॉस्पिटल की उक्त पहल की सराहना करते हुए इसे भविष्य में भी जारी रखने का आह्वान किया। सीओ सिटी मीनाक्षी ने वाहन चालको से हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने की अपील की जिससे कि दुर्घटना के समय हेड इन्जरी ओर सिर की गंभीर चोटों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने मे आया है कि दुर्घटना होने पर हेलमेट के अभाव में न जाने कितनी अनमोल जिंदगियां असमय काल कल्पित हों जाती है।

# फाग महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए मंडल सेवादारों का दल रवाना



**सूरतगढ़।** श्री श्याम सखा मंडल व श्री श्याम सखा महिला मंडल के 21 दिवसीय फाग महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए मंडल सेवादारों का दल रवाना हुआ। पूर्व विधायक अशोक नागपाल, समाजसेवी विजय मुदगल उर्फ लड्डू, समाजसेवी पूर्व पार्षद सुनील छाबड़ा ने सैनी धर्मशाला के पास प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में श्री श्याम बाबा की प्रतिमा की पूजा अर्चना करके श्री श्याम बाबा को निमंत्रण देने के लिए सेवादारों को रवाना किया। पंडित शास्त्री मोहनलाल उपाध्याय, पंडित दुर्गा दत्त ने मंत्रोचरण के साथ पूजन करवा कर निमंत्रण यात्रा में शामिल सभी सेवादारों को तिलक लगाकर विदाई दी। अध्यक्ष सोनू बावेजा की अगवानी में 21 दिवसीय फाग महोत्सव निमंत्रण यात्रा रविवार को खाटू श्याम श्री श्याम बाबा के मंदिर में धोक लगाकर निमंत्रण दिया जाएगा। संरक्षक पूर्व विधायक अशोक नागपाल ने बताया 21 दिवसीय श्री फाग महोत्सव का आयोजन 20 फरवरी को प्राचीन ढाब वाले शानी मंदिर मे मेहंदी प्रतियोगिता के आयोजन से शुरू होगा। 22 फरवरी शनिवार को विशाल निशान यात्रा ब्राह्मण धर्मशाला से निकाली जाएगी।




# अभिकर्ता दिवस पर अभिकर्ता संघ ने फ्री रोटी सेवा का लगाया लंगर

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान अल्प बचत अभिकर्ता संघ की इकाई हनुमानगढ़ टाऊन के समस्त अभिकर्ताओं द्वारा अभिकर्ता दिवस के अवसर पर सभी अभिकर्ताओं ने बेसहारा गोवंश को गुड़ खिलाया और सरकारी अस्पताल के पास स्थित श्री संत सज्जन चैरिटेबल ट्रस्ट फ्री रोटी सेवा में लंगर खिलाया गया। इस अवसर पर पवन कुमार खदरिया वरिष्ठ अभिकर्ता नई आबादी डाकघर), पवन कुमार बेनीवाल, सरजीत, भवानी गर्ग, ओम प्रकाश जांगिड़, अनिल कुमार कौशिक, मोहन लाल शर्मा, सुनील कुमार राठी, राजेंद्र कुमार बाघला, पदम चन्द जैन, राज कुमार शर्मा, मनोहर लाल सचदेवा, राकेश कुमार जैन, रोहित शर्मा, देवकीनंदन, प्रवीण मिढा, हेमंत रावत, दीपक छाबडा, विक्रांत जैन, श्री सन्त सजन चैरिटेबल ट्रस्ट फ्री रोटी सेवा के प्रधान सरदार हरपाल सिंह, उप प्रधान पवन गर्ग, सचिव रमेश कुमार काठपाल, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों को लेकर विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को करवाया अवगत

## धानका जनजाति का प्रमाण हमारा संवैधानिक अधिकार है जो हम लेकर रहेंगे : खन्ना



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** धानका समाज के अमित कुमार खन्ना ने एक बार पुनः धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।आज श्रीगंगानगर पहुंचे शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को धानका जनजाति के प्रमाण पत्र आरंभ करवाने बाबत ज्ञापन सौंपा और ये अवगत करवाया कि पूर्व में जब वसुंधरा जी की सरकार थी तब प्रदेश में धानका जनजाति के प्रमाण पत्र जारी हुए थे परंतु गहलोत सरकार ने प्रमाण पत्रों पर रोक लगा दी थी जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।खन्ना ने बताया कि धानका जनजाति के प्रमाण जारी नहीं होने से प्रदेशभर में लाखों छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है वहीं दूसरी ओर जनजाति का कोई भी लाभ बिना प्रमाण पत्र के प्रदेश भर निवासरत धानका जनजाति के लोगों को नहीं मिल रहा है।खन्ना ने बताया कि शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने आश्वासन देते हुए बताया कि मैं विधानसभा में धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों से संबंधित विषय को उठाऊंगा और मेरा प्रयास रहेगा कि धानका समाज के प्रमाण पत्र पुनः आरंभ करवाने के लिए प्रयासरत रहूंगा और वहीं प्रयास करूंगा कि जल्द से जल्द धानका जनजाति के लोगों को राहत मिले।इस मौके पर अमित कुमार खन्ना,राजीव खंडा,शंकर डाबला,हिमांशु खन्ना,पवन कुमार मौर्य,चेतन मौर्य,सोनू चुघ,राकेश मावर,कृष्ण मावर,सुनील सूर्या समेत अनेकों युवा साथी मौजूद रहे।।

# चौहान के निवास पर रविंद्र सिंह भाटी का भव्य स्वागत

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** यशपाल सिंह चौहान जिला अध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना के निवास स्थान पर रविंद्र सिंह भाटी विधायक शिव विधानसभा बाड़मेर का साफा पहनाकर व तलवार भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। रविंद्र सिंह भाटी ने बहुत कम समय में राजपूत समाज में विशेष कर युवाओं के दिल में अग्रणी स्थान बनाया है। भाटी ने सभी युवाओं का धन्यवाद किया सभी को नशे से दूर रहकर देश सेवा करने की अपील की। यशपाल चौहान ने बताया भाटी जी राजस्थान में यूथ आईकॉन के रूप में बहुत कम समय में प्रसिद्ध हुए हैं। अपने जिद्दी रवैये से लोगों के सेवार्थ कार्य करना भाटी जी का निजी अंदाज रहा है। कार्यक्रम में गिरधारी सिंह राठौड़, रविंद्र सिंह राठौड़, शंकर राजपूत, भूपेंद्र सिंह राठौड़, गौरव राणा, दिनेश चौहान, हरीश चौहान के साथ सैकड़ो युवा मौजूद रहे।



# छात्राओं ने डिजीटल मार्केटिंग के गुर सीखे

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** छात्र-छात्राओं को वेब डिजाइनिंग तथा डिजिटल मार्केटिंग का विस्तृत ज्ञान प्रदान करके आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय में आयोजित इस वर्कशॉप में नरेश लिम्बा व सुमेश सर ने वेब डिजाइनिंग तथा डिजिटल मार्केटिंग की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा छात्राओं की शंकाओं का निराकरण किया। वर्कशॉप में छात्राओं ने वेब डिजाइनिंग के साथ-साथ डिजिटल मार्केटिंग के गुर सीखे तथा ऑनलाईन वेबसाइट बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं डिजिटल मार्केटिंग में सफलता हासिल करने की कला को प्रेक्टिकल करके दिखाया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि समापन समारोह में छात्राओं को अवार्ड एवं प्रमाण-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्राओं के लिए प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रेरिका ने प्रथम स्थान, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा गुरनूर कौर ने द्वितीय स्थान तथा बीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री आत्म वल्लभ जैन शिक्षा न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़ तथा सचिव नरेश जैन ने वेब डिजाइनिंग तथा डिजिटल मार्केटिंग के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए महाविद्यालयी छात्राओं की विशेष टीम का गठन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. पंकजलता ने सबका आभार व्यक्त किया। कुशल मंच संचालन उपप्राचार्य डॉ. निक्की शर्मा ने किया। इस अवसर पर बीसीए विभागाध्यक्ष दीपक कक्कड़, एमसीए विभागाध्यक्ष संजय गुप्ता सहित 120 छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



# विधायक कोटे से बनने वाले कार्यालय एवं बरामदे का शिलान्यास



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** मुख्य कल्याण भूमि में विधायक कोटे से बनने वाले कार्यालय एवं बरामदे का शिलान्यास आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया । पंडित बालकृष्ण शास्त्री ने नगर पालिका ठेकेदार दिनेश खिलेरी की पुत्री जीविका चौधरी के हाथों से यह शिलान्यास करवाया । इससे पूर्व कल्याण भूमि अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, संरक्षक डॉक्टर के एल बंसल, ललित सिडाना, कोषाध्यक्ष संजय वेद, सचिव भीमराज जोशी, नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, ठेकेदार दिनेश खिलेरी आदि ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई ।

# महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महाराजा गंगासिंह को श्रद्धांजलि अर्पित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सीमावर्ती क्षेत्र के शिवपुर हेड पर बाड़मेर से शिव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने शिवपुर हैड पर महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महाराजा गंगासिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।इसी दौरान विधायक भाटी ने लोगो से कुशलक्षेम पूछा।शिवपुर हैड पर ग्रामीणों से मिलने के बाद श्रीगंगानगर के लिए निकल गए । श्रीगंगानगर में महाराजा गंगासिंह चौक पर पुष्प अर्पित किए।इस मौके पर एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत,उत्तम सिंह राठौड़,विक्रम सिंह,खेत सिंह राजपुरोहित , विनोद राजपूत,शिवपुर फतुही से समाजसेवी शंकर लाल चौहान सहित काफी गणमान्य नगररिक ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक भाटी को महाराजा गंगासिंह की फोटो (सम्मान प्रतीक)भेंट कर उनका स्वागत किया गया।प्रवीण तंवर, , कमलेश शर्मा, दीपक सारस्वत, विशाल आहूजा, कुलजीत सिंह औलख, विजय सिंह, बालमुकुंद सारस्वत, जत्थेदार बाबा हरपाल सिंह, लखवीर सिंह, अमित खन्ना, यशवीर सिंह, भीष्म लाटा, बरबरिक लाटा, जितेन्द्र सिंह, डूंगर सिंह आदि मौजूद थे।



# हरियाणा में औसत एक्यूआर 160 पार

जनमार्ग न्यूज

**भिवानी।** हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में दो दिन (17 और 18 फरवरी) तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इसके बाद मौसम में बदलाव आएगा। इस दौरान कुछ इलाकों में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। जिससे तापमान में भी बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार 16 फरवरी को हरियाणा में हिसार जिला सबसे गर्म रहा। जहां अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिसमें 2.6 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोनीपत प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा।

# महाकुंभ में गए हुए वाल्मीकि समाज के लोगों का रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** राजस्थान वाल्मीकि महासभा व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति सूरतगढ़ ने संयुक्त रूप से महाकुंभ में गए हुए वाल्मीकि समाज की महिलाएं और पुरुषों का रेलवे स्टेशन सूरतगढ़ पहुंचने पर माला ढोल व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। महाकुंभ में जसवंती देवी कंडारा के नेतृत्व में सरला सारसर रेशमा चांगरा अमित कंडारा सरोज बुरट राजू सारसर रेखा सारसर कृष्णा वाल्मीकि लक्ष्मी चांगरा इत्यादि एक दर्जन वाल्मीकि समाज के नागरिक महाकुंभ में पहुंच कर पवित्र स्नान किया अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति अध्यक्ष रेखा घुसर ने कहा कि एक दर्जन वाल्मीकि समाज के प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और उन्होंने पवित्र स्नान करके पुण्य के भागी बने हैं हमेशा ईश्वर इन परिवारों पर अपनी अनुकम्पा रखें। इस मौके पर राजस्थान वाल्मीकि महासभा प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति अध्यक्ष रेखा घुसर उपाध्यक्ष किरण बाला वाल्मीकि उपाध्यक्ष माया देवी उपाध्यक्ष सोनू देवी वाल्मीकि उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी अठवाल विकास कंडारा थापा कंडारा माला चांगरा मोंटी बुरट दीपू बुरट सोनू चांगरा सुशील सारसर बिमला सारसर मनोज सारसर सोमा सारसर रजनी सारसर इन्द्र वाल्मीकि कमल वाल्मीकि महेंद्र भाटिया हर्ष भाटिया इत्यादि सैकड़ो वाल्मीकि समाज के नागरिक इस मौके पर मौजूद थे और स्टेशन से लेकर वाल्मीकि बस्ती तक ढोल और नाचते घर लेकर आए।



जनमार्ग

# बिहाणी फार्मेसी महाविद्यालय में खेल सप्ताह प्रतियोगिता का समापन

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय के खेल सप्ताह के दौरान लड़के एवं लड़कियों की 400 मीटर रेस प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में हर्शदीप, लड़कियों की 400 मीटर रेस प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।लड़कों की टग ऑफ वार प्रतियोगिता में बी. फार्मेसी चतुर्थ सैमेस्टर टीम विजेता रही एवं लड़कियों की टंग ऑफ वार प्रतियोगिता में भी बी. फार्मेसी चतुर्थ सैमेस्टर की टीम विजेता रही। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बी. फार्मेसी छठे सैमेस्टर एवं बी. फार्मेसी आठवें सैमेस्टर के बीच खेला गया। इसमें बी. फार्मेसी की छठे सैमेस्टर की टीम ने 40 रन से जीत कर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बी. फार्मेसी चतुर्थ सैमेस्टर की आयना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और लड़कों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बी. फार्मेसी आठवें सैमेस्टर के हर्षित अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की कैरम प्रतियोगिता में बी. फार्मेसी आठवें सैमेस्टर की तान्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बिहाणी शिक्षा न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक जयदीप बिहाणी, ट्रस्ट महासचिव हिमांशु बिहाणी, सचिव डा. आदित्य पेडीवाल, निदेशक राजेन्द्र राठी, निदेशक अकादमिक डॉ. कविता चौधरी एवं प्राचार्य संजीव ठक्कर एवं समस्त फार्मेसी स्टाफ सदस्यों ने सभी छात्रों को बधाई दी।



# जन सेवा हॉस्पिटल और होम्योपैथिक कॉलेज के चिकित्सा शिविर में पौने दो सौ की जांच

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** डॉ. एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जन सेवा हॉस्पिटल) के नेत्ररोग विभाग और टांटिया यूनिवर्सिटी के श्रीगंगानगर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सदस्यों ने पंजाब के दीवान खेड़ा में चिकित्सा शिविर लगाकर सेवाएं दीं। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीतसिंह और होम्योपैथी कॉलेज के डीन डॉ.चरणजीतसिंह ने बताया कि जन सेवा हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग के डॉ. ललित सचदेवा ने 70 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। वहीं होम्योपैथिक कॉलेज के डॉ. तरसेमसिंह ने 103 रोगियों की जांच की।




# रिश्तेदारी में आए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के गांव बुधवारवाली के पास शनिवार-रविवार की रात को एक युवक की रेलगाड़ी से कट जाने के कारण मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान समेजा कोठी थाना क्षेत्र के गांव बरूवाला निवासी इंद्राज (29) के रूप में हुई है।घटना की जांच कर रहे एएसआई साहबराम ने बताया कि इंद्राज चार-पांच दिन पहले सादुलशहर तहसील क्षेत्र के गांव दूदा खीचड में अपने रिश्तेदारों के यहां आया था। वह शनिवार शाम को वहां से बिना बताए कहीं चला गया। बाद में उसकी लाश रेल पटरी पर कटी हुई मिली। पता चलने पर उसके परिवारजन कल रविवार को दूदा खीचड़ पहुंचे मृतक के भाई ओमप्रकाश द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

# ट्रैक्टर ट्राली को साइड देने को लेकर विवाद

- कस्सी से हमला कर घायल किया, पिता-पुत्र पर मुकदमा

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** श्रीकरनपुर थाना क्षेत्र में सीमावर्ती चक 8-ओ में ट्रैक्टर ट्राली को साइड देने की बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके चलते एक व्यक्ति पर तेज धार वाली कस्सी से हमला कर दिया गया।उसके नाक की हड्डी कट गई। पुलिस ने घायल हुए शख्स के पुत्र द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य जुताने के लिए श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया। थाना प्रभारी सीआई रामप्रताप वर्मा खुद मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परसों शनिवार को चक 8-ओ निवासी सुखविंदरसिंह का सुखचरण सिंह और उसके बेटे यादवेंद्रसिंह के साथ ट्रैक्टर ट्राली को साइड देने की बात को लेकर विवाद हो गया था। सुखचरणसिंह और यादवेंद्रसिंह ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर ले जा रहे थे जबकि सुखविंदर सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी लेकर जा रहा था। दोनों में साइड देने की बात को लेकर बोलचाल हो गई। उस समय कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत कर दिया। घटना के कुछ देर बाद सुखविंदरसिंह का पिता अमरजीतसिंह उसी जगह से मोटरसाइकिल लेकर जा रहा था तब रास्ते में उसे रोक कर सुखचरणसिंह और उसके बेटे यादवेंद्र सिंह ने मारपीट की। इस दौरान उसे पर कस्सी से वार कर दिये। थाना प्रभारी ने बताया कि कस्सी का वार लगने से अमरजीतसिंह की नाक कट गई। उसके शरीर पर अन्य भी उक्त आरोपियों ने चोटें मारीं। घायल हुए अमरजीतसिंह को लोगों ने तुरंत श्रीकरनपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 को


जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 फरवरी 2025 गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# पूर्व विधायक गंगाजल मील का निधन

- अंतिम यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक गंगाजल मील (80) का सोमवार सुबह निधन हो गया। देर रात सूरतगढ़ में तबीयत खराब होने पर उनको श्रीगंगानगर लाया जा रहा था कि रास्ते में निधन हो गया। उनके निधन से सूरतगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई। गंगाजल मील का सोमवार शाम श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़ मार्ग पर जगदंबा अंध विद्यालय के नजदीक कल्याण भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के समय बड़ी संख्या में कांग्रेस तथा भाजपा के नेताओं सहित आम लोग भी उपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाजल मील पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वे 2009 से 2014 तक सूरतगढ़ से कांग्रेस के विधायक रहे थे। मूल रूप से कांग्रेसी और विभाजित श्रीगंगानगर जिले के समय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे गंगाजल मील 2004 में सूरतगढ़ से कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्हें भाजपा ने पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी। इस चुनाव में हुए पराजित हो गए थे। अगले 2009 के चुनाव में उन्हें कांग्रेस ने सूरतगढ़ से टिकट दी और वह विजय हो गए। वर्ष 2014 के चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें फिर से सूरतगढ़ से उम्मीदवार बनाया लेकिन वह तीसरे स्थान पर रहे। इससे अगले 2019 के चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट नहीं दी। उनकी जगह उनके भतीजे हनुमान मील को उम्मीदवार बनाया गया लेकिन वह भी सफल नहीं रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने बच्चे को कुचला, मौत

- आरओ का पानी लेने गया था
- सड़क पर बिखरे अवशेष, ड्राइवर फरार

जनमार्ग न्यूज।

**डबवाली।** हरियाणा के सिरसा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। खंड डबवाली के किलियांवाली क्षेत्र में स्थित धागा फैक्ट्री के पास सोमवार सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। दीपू उर्फ दीपक नाम का बच्चा फैक्ट्री के पास लगे आरओ से पानी लेने गया था। मामले की सूचना पर पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बच्चा जैसे ही सड़क पार कर रहा था, एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि बच्चे के शरीर के अवशेष सड़क पर बिखर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर ड्राइवर को आवाज देकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिद्धड़बाहा (पंजाब) के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है और मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार आरओ से क्षेत्र के कई घरों के लोग फिल्टर युक्त पानी लेने आते हैं।



# चाकू से वार कर लाखों की गाड़ी लूट ले गए बदमाश

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** बीकानेर में सदर थाना क्षेत्र में रेलवे ग्राउंड के गेट के पास कल देर रात को दो बदमाश एक व्यक्ति पर चाकू से वार कर उसकी लाखों रुपए मूल्य की लग्जरी गाड़ी लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पूरे इलाके में नाकाबंदी करवाई लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ गाड़ी लूटने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि वृंदावन गार्डन एरिया में रहने वाले शेखर गोयल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच सब इंस्पेक्टर महेंद्रसिंह राठौड़ द्वारा की जा रही है। पुलिस के मुताबिक शहर गोयल ने बताया है कि वह कल रात लगभग 8 बजे रेलवे ग्राउंड के गेट के पास मिलन ट्रेवल्स रोड पर अपनी गाड़ी में बैठा था। तभी दो बदमाश आए जिनके पास चाकू था, उन्होंने उसकी गर्दन और पेट पर चाकू से वार किये तथा उसकी गाड़ी लूट कर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक बदमाश ने गाड़ी में बैठे शेखर गोयल से पहले गाड़ी का गेट खुलवाया। इस बदमाश ने शहर से कहा कि उसने किसी से मोबाइल पर जरूरी बात करनी है।

# कुत्ता लेकर घूम रहा था नवजात का शव

- लोगों ने छुड़वाया, पुलिस मामले की जांच में जुटी

जनमार्ग न्यूज।

**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ में एक खाली प्लाट के अंदर कुत्ता नवजात का शव मुंह में दबाए दिखाई दिया। लोगों की नजर जब कुत्ते पर पड़ी तो उन्होंने कुत्ते से बच्चे का शव छुड़वाकर पुलिस को सूचना दी। मामला सोमवार सुबह करीब 11 बजे शहर के वार्ड नंबर-38 का है। इस पर थाना के हेड कॉन्स्टेबल धूप सिंह पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से मामले की जानकारी लेने के साथ ही शव का मुआयना किया। वहीं सीआईडी पुलिस के कर्मी भी पहुंचे। हालांकि कुत्ते के मुंह में नवजात का आधा ही शव था। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि नवजात के शव को कुत्ता किसी अन्य सुनसान क्षेत्र से वार्ड-38 के विश्वकर्मा मंदिर के पास लेकर आया था। ऐसे में पुलिस ने संभावना जताई कि या तो नवजात का आधा शरीर कहीं कचरे के ढेर में पड़ा होगा। वहीं डॉग्स ने उसे चबा डाला होगा। पुलिस ने नवजात के शव को सावधानी पूर्वक कार्टून में शिफ्ट कर सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी रखवाया है। वहीं मामले की पड़ताल शुरू की है। कुत्ते के मुंह में जब नवजात का शव देखा गया तो वह आधा अधूरा ही था। छाती से नीचे का हिस्सा था ही नहीं। ऐसे में मौके पर इस बात की तस्दीक करना भी मुश्किल था कि यह लड़की है अथवा लड़के का शव है। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है कि नवजात का लिंग क्या है।



# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर जानलेवा हमला

- गंडासी से युवक के सिर पर किए वार
- सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

जनमार्ग न्यूज।

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के संगरिया थाना क्षेत्र के गांव नुकेरां में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। शनिवार रात करीब 9 बजे आरोपी पड़ोसियों ने गंडासी और लोहे की गरारी से लैस होकर पीड़ित के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में तरसेम नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे संगरिया के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित करणी प्रकाश (36) की शिकायत के अनुसार, सुबह थेपड़ी और बनछटी को लेकर पड़ोसी जगदीश से विवाद हुआ था। इसी रंजिश में रात को जगदीश पुत्र बिंद्रसिंह, भगतसिंह पुत्र बलवीर, स्वराज पुत्र भगतसिंह, नूरदीप पुत्र जगरूप सिंह और 3-4 अन्य लोग हथियारों से लैस होकर आए। आरोपियों ने घर में घुसकर गालियां दीं और करणी प्रकाश के भाई तरसेम पर जानलेवा हमला कर दिया। जब परिवार के लोगों ने बचाव का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की। स्थानीय निवासी साधुसिंह पुत्र गुरदास सिंह, प्रभुसिंह पुत्र मनीराम और अन्य लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने मामले में चार नामजद और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# फाइनेंस कंपनी की मनमानी पर भड़के ग्रामीण

- 4.5 लाख का कर्ज, 5.5 लाख चुकाने के बाद भी मांग रहे 7.5 लाख

जनमार्ग न्यूज।

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में आवास फाइनेंस कंपनी की कथित मनमानी के खिलाफ सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) के नेतृत्व में कंपनी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। माकपा नेता रघुवीर वर्मा के अनुसार, कंपनी नियम-कानूनों की अवहेलना कर लोगों को परेशान कर रही है। मामले में एक गंभीर घटना चार दिन पहले सामने आई, जब कंपनी के प्रतिनिधि बिना किसी पूर्व नोटिस के पुलिस के साथ कुछ लोगों के घरों को कुर्क करने पहुंच गए। विरोध के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। मामले में, जयमलराम नामक व्यक्ति ने कंपनी से 4.5 लाख रुपए का कर्ज लिया था। उन्होंने 5.5 लाख रुपए का भुगतान करने के बावजूद, कंपनी अब 7.5 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी से रिजर्व बैंक की गाइडलाइन का पालन करने और नियम-कायदों में सुधार की मांग की है। माकपा नेताओं ने पहले जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फाइनेंस कंपनियों द्वारा वसूले जा रहे ब्याज की जांच की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कंपनी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करती है, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। इसी क्रम में 3 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करने की योजना बनाई गई है।



# बिजनेसमैन के घर का बिजली बिल आया 29 करोड़

- मोबाइल पर मैसेज देख होश उड़े

जनमार्ग न्यूज।



**नोखा।** बीकानेर के बिजनेसमैन के घर का बिजली बिल 29 करोड़ आया तो उनके होश उड़ गए। बिना समय गंवाए, उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कॉल किया, पर किसी ने फोन नहीं उठाया। घर में 6 किलोवाट का सोलर प्लांट भी लगा है। घर का हर महीने औसत बिल करीब एक हजार रुपए ही आता था। उधर, जोधपुर विद्युत वितरण निगम की ओर से जारी इस बिल के बाद अधिकारी दावा कर रहे हैं कि गलत मीटर रीडिंग की वजह से ऐसा हुआ है। नोखा शहर के पीपली चौक में रहने वाले नवीन भट्टड़ ने बताया कि मेरे घर का बिजली कनेक्शन मोहनलाल रामलाल (दादा) के नाम का है। नोखा में ही मेरी दाल मिल भी है। मेरे घर का बिजली बिल 14 फरवरी को जनरेट हुआ था। दोपहर में मोबाइल पर जोधपुर विद्युत वितरण निगम की ओर से मैसेज आया। स्क्रीन पर फरवरी महीने का बिजली बिल 29 करोड़ दिखा। दाल कारोबारी नवीन ने बताया कि उनके घर 6 किलोवाट का सोलर प्लांट लगा हुआ है। इस कारण बिजली का बिल हर महीने करीब 1000 रुपए ही आता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692